**रोहतक**

शनिवार, 19 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 169

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 35.8
न्यून. 23.9


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,757.73 | 551.51 ▼ |
| निफ्टी | 24,968.40 | 143.05 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 98,770/- | 100/- ▲ |
| चांदी | 1,10,500/- | --- |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 86.16 | 4 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 70.16 बैरल 0.92% ▲

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने तैयार किया ड्राफ्ट

## बेटियों के जन्मदिन पर सरकार मनाएगी जश्न, कराएगी गोदभराई व कुआं पूजन

### 481 गांवों की पहचान, जहां 1000 लड़कों पर सिर्फ 700 लड़कियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश सरकार अब बेटियों के जन्म पर खुशी मनाएगी। इसके लिए एक नई योजना का ड्राफ्ट स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द लागू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी खुद इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं। इसलिए सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग को बेटियों के जन्म का सार्वजनिक रूप से जश्न मनाने के लिए गोद भराई और कुआं पूजन (नवजात लड़कियों के लिए औपचारिक अनुष्ठान) जैसे सकारात्मक सुदृढ़ीकरण अभियान आयोजित करने का काम सौंपा है। सरकार अब 6,849 गांवों में से 7% सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में गर्भधारण की गहन निगरानी करेगी, जिसका लक्ष्य अगले वर्ष तक लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार दिखाना है।



#### कम हो रही लड़कियों की संख्या

हरियाणा में लड़कियों की संख्या कम हो रही है, जिसे ठीक करने के लिए सरकार कदम उठा रही है। 481 गांवों की पहचान की है, जहां हर 1000 लड़कों पर सिर्फ 700 या उससे कम लड़कियां हैं। एसएमओ को अपने-अपने क्षेत्रों में लिंगानुपात के लिए जवाबदेह बनाया गया है। इस गिरावट को रोकने में विफल रहने पर आठ एसएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

#### नोटिस बोर्ड पर लिखे जाएंगे गांवों के नाम

एसटीएफ के एक सदस्य ने बताया, लगातार प्रयासों के बावजूद नतीजे न दिखाने वाले गांवों के नाम उजागर करने और उन्हें शर्मिंदा करने का फ़ैसला किया गया है। इसमें जिला सचिवालय के नोटिस बोर्ड पर इन गांवों के नाम लगाना और ख़राब आकड़ों को उजागर करने के लिए पंचायत स्तर पर बैठकें आयोजित करना शामिल होगा। प्रभावित गांवों की सूची पहले ही उपायुक्तों के साथ साझा की जा चुकी है। सरपंचों भी जागरूकता अभियान चलाएंगे।

विधानसभा कमेटी ने चेकिंग कर पकड़ी थी खामियां

## हिसार में पब्लिक स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन, एसडीओ और जेई सस्पेंड

### चेयरमैन मिड्ढा बोले-ऊपर से नीचे तक सारा सौदा कर रखा खराब

**हिसार/आदमपुर (हरिभूमि न्यूज)।** आदमपुर में जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यों की जांच करने पहुंची विधानसभा की 12 विधायकों की कमेटी ने अनियमितता मिलने पर विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) कंचन, एसडीओ रामकिशन और जेई को सस्पेंड कर दिया है। कमेटी ने विभाग से जुड़े कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार मानते हुए यह कार्रवाई की है। कमेटी चेयरमैन एवं विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा शुक्रवार को कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ आदमपुर पहुंचे। उन्होंने अफसरों की बैठक ली और फिर निर्माण कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की शिकायत मिली तो डॉ. मिड्ढा ने कहा, ऊपर से नीचे तक सारा सौदा खराब कर रखा है। ऐसा कहते हुए उन्होंने तुरंत तीनों अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया।



#### कांग्रेस व भाजपा नेता भिड़े

डिप्टी स्पीकर के सामने ही आदमपुर के कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश के साथ आए कांग्रेस नेता भूपेंद्र कासनिया और भाजपा के महामंत्री आशीष जोशी भिड़ गए। निरीक्षण के दौरान जोशी ने कासनिया को कहा कि आप कौन हो जो बीच में बोल रहे हो? इसके बाद बात बढ़ गई। कृष्ण मिड् ढा ने महामंत्री का बचाव किया तो विधायक चंद्रप्रकाश अपने कार्यकर्ता भूपेंद्र कासनिया के बचाव में आ गए। कृष्ण मिड् ढा ने पुलिस को आदेश दिया इसको यहां से हटाओ। इसके बाद भूपेंद्र कासनिया को धक्के देकर दूर हटा दिया गया।

### खबर संक्षेप

#### किसान से एक करोड़ की घूस मांगने वाला काबू

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारी को एक किसान से एक करोड़ रुपये की रिश्वत कथित तौर पर मांगने के लिए गिरफ्तार किया। आरोपी अधिकारी ने किसान को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगी थी। भाषा

#### आईटीआर-दो के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** कर योग्य पूंजीगत लाभ आय वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार अब वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर-2 दाखिल कर सकते हैं। आयकर विभाग ने कहा, आईटीआर-2 आयकर रिटर्न फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल कर सकेंगे। भाषा

#### लालू के खिलाफ कार्रवाई पर रोक से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई के जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट की पीठ ने आदेश जारी किए हैं।

## शराब घोटाला: छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य गिरफ्तार

### विशेष अदालत ने 22 जुलाई तक ईडी की रिमांड पर भेजा

**रायपुर (एजेंसी/भाषा)।** छत्तीसगढ़ में 2,100 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। ईडी ने चैतन्य बघेल को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चैतन्य को 22 जुलाई तक ईडी की 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। ईडी का कहना है कि इस घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ और शराब घोटाले में शामिल गिरोह के लाभार्थियों के जेबों में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि गई। बता दें कि दुर्ग जिले के भिलाई में स्थित आवास पर ईडी पहुंची थी, जहां भूपेश बघेल अपने बेटे चैतन्य सहित परिवार के साथ रहते हैं। ईडी की कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता भी पहुंच गए थे। भूपेश बघेल ने बताया कि चैतन्य का आज जन्मदिन भी है। चैतन्य से कथित रूप से जुड़ी कंपनियों को कथित शराब घोटाले से अर्जित लगभग 17 करोड़ रुपये की 'अपराध आय प्राप्त हुई।'

**2100 करोड़ का घोटाला**

*ईडी ने जनवरी में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता कवासी लखमा, रायपुर के महापौर और कांग्रेस नेता एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था*

- **भूपेश ने एक्स पर लिखा, ईडी आ गई, आज विधानसभा का अंतिम दिन**
- **बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा मुकाबला करेगा**



#### केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा : बघेल

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ईडी की छापेमारी पर कहा कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा, आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी है। विधानसभा जाते वक्त बघेल ने कहा- पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। हम सच्चाई की लड़ाई लड़ेंगे।'

#### क्या है शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला में ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें 2100 करोड़ से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था। लाभार्थियों के जेबों में 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि गई। छत्तीसगढ़ में यह शराब घोटाला 2019 और 2022 के बीच हुआ था, जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी।

## जींद: चाबरी गांव के सरपंच रोहताश की उसी के रिवॉल्वर से गोली मारकर हत्या

**क्यों हुई हत्या, कौन थे हत्यारे खुलासा नहीं, 4 हिरासत में**

**सरपंच ने 112 नंबर पर पुलिस को कॉल कर कहा था, ये मुझे मार रहे, मेरी पिस्टल छीन ली, बचा लो**

**जींद।** पिंडारा गांव माइनर के पास बीती देर रात गांव चाबरी के सरपंच रोहताश (47) की अज्ञात लोगों ने उसी के लाइसेंसी रिवॉल्वर से सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। वारादात के समय सरपंच शहर से बाइक पर अपने घर की तरफ लौट रहा था। गोली सरपंच के ही लाइसेंसी रिवॉल्वर से ही मारी गई है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने सरपंच के बेटे की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। बता दें कि सरपंच रोहताश बाइक से घर जा रहा था, तभी गांव पिंडारा रेलवे पुल से पास माइनर के निकट कुछ बदमाशों ने उसे रोक लिया और सरपंच के साथ हाथापाई करते हुए उसका रिवॉल्वर छीन लिया। इसके बाद उसी के रिवॉल्वर से सरपंच की हत्या कर दी। एसपी कुलदीप सिंह, डीएसपी सफीदों, सिविल लाइन थाना प्रभारी, फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मौके से सरपंच का रिवॉल्वर, बाइक, दस्तावेज भी सही सलामत पुलिस को मिले हैं।





**जींद।** नागरिक अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन और इनसेट में मृतक सरपंच रोहताश का फाइल फोटो।

#### बड़ा सवाल : कैसे जींद पहुंचा सरपंच

सरपंच के बेटे सुमित ने पुलिस को बताया कि उसका पिता रोहताश बीती रात बाइक पर गांव के तालाब में चल रहे पानी को संभालने बात कह कर निकला था। वह जींद कैसे पहुंचा इसका कुछ पता नहीं है। किसी से ऐसी रंजिश भी नहीं रही है कि मामला हत्या तक पहुंचे। सुमित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात चार लोगों के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। यह खुलासा नहीं हो पाया कि आखिर सरपंच की हत्या क्यों की गई। इसके पीछे क्या कारण रहे।

#### सरपंच ने पुलिस को दी थी सूचना

हत्या से पूर्व सरपंच रोहताश ने चार लोगों द्वारा उसे गांव पिंडारा के निकट घेरने की सूचना डायल 112 को दी थी। जब तक डायल 112 मौके पर पहुंचती तब तक हत्यारे वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। यह भी साफ है कि हत्यारों का उद्देश्य लूटपाट नहीं था बल्कि अंदरूनी रंजिश रही है। जिसके चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने चार लोगों को राउंडअप किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस की टीमें लगातार मामले की जांच कर रही हैं।

## दिल्ली के 45 और बेंगलुरु के 50 स्कूलों में बम की धमकी

- ईमेल में लिखा अभिभावक कटे फटे शव देखेंगे तो खुशी होगी
- स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर सर्विस की टीमें स्कूलों में पहुंची

भाषा ▶▶| नई दिल्ली/बेंगलुरु

दिल्ली और बेंगलुरु में शुक्रवार सुबह 80 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। दिल्ली के 45 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इनमें पीतमपुरा, द्वारका, पश्चिम विहार, रोहिणी, संगम विहार, समेत दूसरे इलाकों के स्कूल शामिल हैं।ईमेल में लिखा, अभिभावक कटे-फटे शव देखेंगे तो खुशी होगी। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची हैं। सावधानी के तौर पर स्कूलों को तुरंत खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। इनके अलावा, दिल्ली यूनिवर्सिटी के 3 कॉलेजों को भी बम की धमकी मिली है। वहीं, बेंगलुरु के भी 50 स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। पुलिस ने कहा, 'रोडकिल333' नाम के यूजर ने सुबह 7.24 बजे 50 स्कूलों की ईमेल आईडी पर स्कूल के अंदर बम होने का मेल भेजा।

13 जुलाई से लापता थे युवक, गोताखोरों ने शव निकाले

## डबवाली में घर से गाड़ी लेकर निकले चार दोस्तों के शव राजकनाल से मिले

**डबवाली (हरिभूमि न्यूज)।** गांव कालूआना से 13 जुलाई की रात को बोलेरो गाड़ी लेकर घर से निकले 4 युवकों विनोद, रविन्द्र उर्फ चौथ राम, बलबीर व रायसिंह के शव राजकनाल नहर से मिले। बताया जा रहा है कि चारों की डूबने से मौत हो गई। चारों के घर से जाने के बाद मोबाइल फोन भी बंद आ रहे थे। काफी तलाश के बाद भी कोई अतापता नहीं चला। इनकी आखिरी लोकेशन के आधार पर राजकनाल नहर में तलाश शुरू की गई थी। शुक्रवार सुबह कालातीतर, अबूबशहर व कालुआना पुल के बीच राजकनाल में गाड़ी होने का सुराग लगा। गोताखोरों ने नीचे जाकर देखा तो पलटी हुई बोलेरो दिखी। इसके पास ही विनोद उर्फ बिंदर का शव तैरता मिला। पुलिस प्रशासन ने गाड़ी को नहर से निकलवाया तो तीन युवकों के शव गाड़ी के अंदर मिले। सभी शवों को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने इन्हें पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के अस्पताल पहुंचाया।









#### मरने वालों में एक राजस्थान का निवासी

चारों मृतकों में रविंद्र उर्फ चौथ राम (50), विनोद उर्फ बिंदर (35), रायसिंह (28) निवासी कालुआना गांव, डबवाली, हरियाणा और बलबीर (55) राजस्थान के गणेशगढ़ का रहने वाला था। चारों की मौत कैसे हुई, कहीं यह हत्या तो नहीं या फिर हादसा हुआ, पुलिस कई एंगल पर मामले की जांच कर रही है।

## जज के घर कैश : सुप्रीम कोर्ट पहुंचे जस्टिस वर्मा

**नई दिल्ली (भाषा)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने आंतरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को अमान्य ठहराने का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में दोषी पाया है। वर्मा ने तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा 8 मई को की गई, संसद से उनके खिलाफ महाभियोग चलाने का आग्रह करने वाली सिफारिश को रद्द करने की मांग की है।



#### प्रस्ताव लाना सांसदों का विषय सरकार तस्वीर में नहीं : मेघवाल

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाना सांसदों का विषय है। सरकार इसमें कहीं भी शामिल नहीं है। मेघवाल ने बताया कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ नकदी जब्त होने से जुड़े आरोपों की जांच के लिए भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना द्वारा गठित आंतरिक समिति अपनी रिपोर्ट सौंप चुकी है।

**ट्रंप का न्याय : पहलगाम हमले का गुनहगार टीआरएफ**

**26 लोगों की थी हत्या**

**चीन की प्रतिक्रिया, क्षेत्रीय सुरक्षा के मद्देनजर देश आतंक के विरूद्ध सहयोग बढ़ाएं**

भारत की 'आतंकवाद' पर बड़ी कूटनीतिक जीत...

## 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को अमेरिका ने घोषित किया विदेशी आतंकवादी संगठन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

सीमा-पार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मामले पर भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है, जिसमें अमेरिका ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकी संगठन (एसडीजीटी) घोषित कर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वह टीआरएफ को एफटीओ और एसडीजीटी की सूची में शामिल कर रहा है। जिसने पहलगाम आतंकी हमले (26 लोगों की हत्या की गई) की जिम्मेदारी ली थी। ये हमला भारत में 2008 में लश्कर द्वारा मुंबई में किए गए हमले के बाद आमजन पर किया गया सबसे घातक हमला था। अमेरिका का ये निर्णय अप्रवासन और राष्ट्रीयता कानून की धारा-219 और कार्यकारी आदेश-13224 के तहत लिया है।



धारा-370 हटाए जाने के बाद बना पाक की आतंकी साजिश का चेहरा

#### आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि यह फैसला भारत-अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग से जुड़ी हुई दृढ़ प्रतिज्ञा को प्रदर्शित करता है। 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस.# ऑप-सिंदूर। 'मैं पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विदेश मंत्रालय की सराहना और धन्यवाद करता हूं'।

#### चीन ने की पहलगाम हमले की निंदा

चीन ने कहा, क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्रीय देशों को आतंकवाद से मुकाबले के लिए सहयोग को मजबूत बनाना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, चीन मजबूती के साथ किसी भी प्रकार के आतंक का विरोध करता है। हम 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

**मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को, केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में जवाब**

*याचिकाकर्ता ने कहा, हमें यमन जाने दिया जाए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आप केंद्र सरकार से संपर्क करें*

## हम चाहते हैं यमन से निमिषा सुरक्षित लौटे, सरकार हरसंभव मदद कर रही

**नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। केंद्र सराकर ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि, वे चाहते हैं कि महिला निमिषा सुरक्षित वापस आए। इसके लिए सरकार हर संभव मदद कर रही है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी पेश हुए। उन्होंने कहा- निमिषा को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी सुरक्षित वापसी के लिए हर प्रयत्न किए जा जा रहे हैं। इससे पहले 14 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा।



#### यह बोले एजी वेंकटरमणी

अटॉर्नी जनरल (एजी) आर. वेंकटरमणी ने कहा कि यमन कूटनीतिक रूप से मान्यता प्राप्त देश नहीं है। हम सार्वजनिक रूप से इस मामले में कुछ नहीं बोलना चाहते थे, ताकि स्थिति और न बिगड़े। हम निजी स्तर पर लगातार प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है निमिषा सुरक्षित वापस लौटेगी।



#### याचिकाकर्ता की अपील

उधर याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने कोर्ट से अपील की है। उन्हें निमिषा को बचाने के लिए यमन जाने दिया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा, आप केंद्र से संपर्क करें। हम इस पर कुछ नहीं कहेंगे। अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। निमिषा को 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। जिसे फिलहाल टाल दिया गया है। वे 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है।

## मुख्यमंत्री सैनी ने ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का किया निरीक्षण, बोले

# कुरुक्षेत्र में गीता स्थली ज्योतिसर बनेगा विश्व का ऐतिहासिक पर्यटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर विश्व का भव्य, यादगार और ऐतिहासिक स्थल बनेगा। इस गीता स्थली को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सरकार की तरफ से करीब 250 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। यहां पर ज्योतिसर अनुभव केंद्र में देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को कुरुक्षेत्र के इतिहास के जीवंत दर्शन होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को ज्योतिसर तीर्थ पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र में स्वागत कक्ष, महाकाव्य का सृजन कक्ष, प्राचीन महाभारत, कुरु वंशावली, गीता श्लोक, कृष्ण भूमिका, दशव अवतार सहित अन्य कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान हरियाणा पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को ज्योतिसर अनुभव केंद्र के साथ-साथ अन्य कक्षों के छोटे-छोटे निर्माण कार्य को पूरा करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा, डीडी, सुभाष कलसाना, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, पर्यटन विभाग के निदेशक डा. शालीन, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, चेयरमैन माफी ढांडा, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, विजय नरुला, डा.ऋषिपाल मथाना, परमजीत सिंह, राम कुमार रम्बा, रविन्द्र सांगवान, महिपाल ढांडा, सुरेश सैनी कुक्कु, दीप सैनी, प्रधान गुरनाम सैनी आदि उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

### पीपीटी में भावी योजनाएं दिखाई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा, डीडी, सुभाष कलसाना, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, प्रधान सचिव कला रामचंद्रन, पर्यटन विभाग के निदेशक डा. शालीन, उपायुक्त नेहा सिंह ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र के हर कक्ष को पीपीटी के जरिए बारिकी से जानकारी हासिल की। इस पीपीटी में ज्योतिसर अनुभव केंद्र के प्रोजेक्ट के तमाम भावी योजनाओं को दिखाने का प्रयास किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ज्योतिसर अनुभव केन्द्र को विश्व दर्शनीय स्थल बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि तमाम विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए।

## गन्ना उत्पादक किसानों के एरियर का जल्द भुगतान किया जाएः कृषि मंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों का गन्ना की बिक्री होते ही जल्द भुगतान किया जाए। उन्होंने किसानों के बकाया भुगतान का भी शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। राणा आज यहां विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों से बकाया भुगतान के बारे में चर्चा की।

## सीईटी और एचटेट के कारण फिर टला खेल महाकुंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

सूबे में होने वाला 28 से 30 जुलाई तक खेल महाकुंभ एक बार फिर से टाला गया है। 26 और 27 जुलाई को तृतीय श्रेणी पदों की सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) और 30 और 31 जुलाई को हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के कारण खेल प्रतियोगिता स्थगित करनी पड़ी है। जानकारी अनुसार प्रतियोगिता अगस्त में होगी, जिसकी तिथि जल्द तय कर दी जाएगी। सीईटी और एचटेट के अभ्यर्थियों और खिलाड़ियों को कोई असुविधा नहीं हो इसको ध्यान में रखते हुए खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने अधिकारियों को खेल महाकुंभ की तिथि बदलने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इससे पहले 11 जुलाई को खेल महाकुंभ शुरू होना था।

### पैरा खिलाड़ियों को तोहफा

गौरव गौतम ने बताया कि पैरा एशियन गेम्स 2022 में पदक जीतने वाले 13 खिलाड़ियों के 19 करोड़ 72 लाख 50 हजार और चार खिलाड़ियों के 12 करोड़ जारी किए हैं। सरकार की ओर से स्वर्ण पदक विजेता को तीन करोड़, रजत पदक विजेता को 1.50 करोड़ और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 75 लाख का अवॉर्ड दिया जाता है। खिलाड़ी पदक जीतकर नाम रोशन कर रहे हैं।

## सीईटी के लिए 9200 बसों की व्यवस्था : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवाओं की मांग को देखते हुए सरकार द्वारा प्रदेश में दूसरे सीईटी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेशभर से सीईटी ग्रुप-सी के लिए 13 लाख 87 हजार युवाओं ने आवेदन किया। इन आवेदकों की 26 व 27 जुलाई को परीक्षा ली जा रही है। युवाओं को घरों से परीक्षा केंद्र तक लेकर जाने और वापस घर छोड़ने के लिए 9200 बसों की व्यवस्था की गई। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ज्योतिसर तीर्थ पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि सरकार ने रोडवेज की बसों के अलावा प्राइवेट स्कूलों की बसों को भी लगाया है।

### कांग्रेस ने किया भ्रष्टाचार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रॉबर्ट वाड्रा पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि लंबे समय से उन पर ये केस चल रहा था। जिसकी जांच चल रही थी। कांग्रेस ने लंबे समय तक भ्रष्टाचार किया हुआ है, जो सामने आने ही थे। एक सवाल जवाब में कहा कि भगवंत मान की सरकार में दूसरी ताकतें काम कर रही हैं। जिसके कई कामों का तो मान को भी पता नहीं होता है।

## राज्यपाल ने हरियाणा के लिए नए लॉ अफसर किए नियुक्ति

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल ने शुक्रवार को चयन समिति की सिफारिशों के बाद पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में पैरवी करने के लिए एडवोकेट जनरल कार्यालय के लिए 72 लॉ अफसर नियुक्त किए। इनमें सीनियर डिप्टी एडवोकेट जनरल, डिप्टी एडवोकेट जनरल और असिस्टैंट एडवोकेट जनरल नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही पूर्व में एडवोकेट जनरल कार्यालय में कार्यरत 64 लॉ अफसरों के त्याग पत्र भी मंजूर किए गए।

**नवनियुक्त एडिशनल एडवोकेट जनरल :** आकाश सिंगला, अमित साहनी, अनु पाल, अशोक कुमार खुब्बर, ध्रुव दयाल, नीरज गुप्ता, नेहा अवस्थी, पीयूष खन्ना, पुनीत गुप्ता, पुनीता सेठी, रुचि सेखड़ी, संदीप छाबड़ा, शशांक भंडारी, सौरभ गोयल, सुशील कुमार भारद्वाज, तरुण अग्रवाल, उदित गर्ग, तपन मस्ता व नितिन कौशल। **नवनियुक्त सीनियर डिप्टी एडवोकेट जनरल :** दीया सोढी, गगनदीप सिंह छिन्ना, करण वीर सिंह, कृष्ण लाल सैनी, महिमा यशपाल सिंगला, नीरज श्योराण, ओंकार सिंह, पंकज मूलवानी, पारस तलवाड़, पवन कुमार, राजिंद्र कुमार, राजीव सिद्धू, सौम्या आहुलवालिया, स्वाति बत्रा, तनुश्री गुप्ता, तजिंद्र पाल सिंह, वसुंधरा दलाल आनंद, वेद प्रकाश व विशाल कश्यप। **नवनियुक्त डिप्टी एडवोकेट जनरल :** अभिमन्यु अंतिल, अभिनव कालिया, अभिषेक यादव, अजीत कुमार शर्मा, अक्षिता चौहाना, अमन मित्तल, अनुज गर्ग, अनुराग शर्मा, भूपेंद्र सिंह सरोहा, चिराग वाधवा, दीपक वशिष्ठ, देवांगना छिल्लर, गौतम कैले, हिमानी अरोड़ा, कनीचा सचदेवा, कोमल शर्मा, मालविका सिंह, परमजीत, पवन कुमार गर्ग, राजीव मल्होत्रा, रामकरण शर्मा, सतबीर सिंह गोरीपुरिया, श्वेता सांघी, शिवा खुरमी, श्वेता नाहटा, तीवार शर्मा और वरुण गुप्ता। **नवनियुक्त असिस्टैंट एडवोकेट जनरल :** अभिनव महंत, आदित्य पाल सिंगला, अमिष शर्मा, अश्विनी भाटिया, अतुल गौड़, छवि शर्मा, दीपाली वर्मा, गौरव गर्ग, गीता रानी, हर्षित सिंगला, जैसमीन गिल, मोहित चौधरी, क्षितिज भारती, सन्नी नामदेव, नरेश पाल चंदेल, प्रमोद कुमार, प्रियव्रत पराशर, राहुल गुप्ता, राकेश कुमार जांगड़ा, राजप्रताप सिंह बराड़, वैभव शर्मा, विजय कुमार, विकास, विक्रम सिंह, विनय सैनी और विशाल सिंह। **दिल्ली के लिए :** बानो देसवाल, सिद्धार्थ खटाना, अनुराग कुल्हाड़िया, जस्टिन जॉर्ज, करिश्मा के. मलानी और विकास को नियुक्त किया है।

### प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक में बोले सीएम सैनी

# भाजपा के कार्यकर्ता के लिए पार्टी कार्य के साथ-साथ जनसेवा भी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पंचकूला

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारे लिए सेवा ही संगठन है, इसलिए पार्टी का काम करते-करते लोगों की सेवा में भी हमें अपना समय लगाना है। सीएम सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुनने में देश में नंबर एक पर है और यह सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। बैठक में प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की और कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से केंद्र और प्रदेश में चौथी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनना चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक लोगों को मन की बात कार्यक्रम से जोड़ें साथ ही बच्चों, बुजुर्गों, युवाओं के जन्म दिन बूथों पर मनाएं और एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगवाएं।




### देश को जोड़ने वाला है ''मन की बात'' कार्यक्रम : पूनिया

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को देश को जोड़ने वाला कार्यक्रम कहा। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य कर रहे हैं। सरकार और संगठन के अच्छे तालमेल और कार्यकर्ताओं की मेहनत से केंद्र और प्रदेश में चौथी बार भी भाजपा की सरकार बनेगी। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि राजनीति में कोई काम छोटा नहीं होता।

### प्रदेश में चौथी बार बनेगी भाजपा की सरकार : बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। इस बार हमें 100 प्रतिशत बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुनना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। बड़ौली ने भी कहा कि हमें चौथी बार केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है, इसलिए सभी कार्यकर्ता सरकार के प्रहरी के रूप में काम करें। बैठक को संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भी संबोधित किया और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने की बात कही। आज की इस बैठक में बंतो कटारिया, सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

ई-निविदा

खुली निविदा संख्या 19-अम्बाला/2025-26 दिनांक 17.07.2025

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** यूएमबी–केएलके खंड पर प्रमुख पुल संख्या 240, 242, 244, 245, 249, 252, 259, 260, 267, 278, 316, 332 पर सुरक्षा कार्य और निरीक्षण व्यवस्था का उन्नयन।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,59,34,276 | 2,29,700 | 06 महीने | 11.08.2025 |

2 **कार्य का नामः** सीनियर डीईएन/आई/यूएमबी अनुभाग में पांच साल की गारंटी/वारंटी के साथ 1 स्वचालित, बैक्टीरियोलॉजिकल ट्रीटमेंट प्लांट की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 19,15,624 | 38,300 | 03 महीने | 11.08.2025 |

**नोटः-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2180/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## TENDER NOTICE

Hafed invites short term tenders from the reputed parties / dealers for refilling, repair & New purchase of fire fighting equipments to be installed at various godowns in District Rohtak and Jhajjar, detail of which is given as under:

| Sr. No. | Particular | Capacity | No. of Cylinders |
|---|---|---|---|
| 1 | ABC type | 4.5 Kg./6 Kg. | 79D (130S) |
| 2 | CO2/Water | - | As pe godown capacity |
| 3 | Bucket | | 320 |
| 4 | Stand | - | As per requirement |

The quantity of the cylinders may increase / decrease. The interested parties are requested to submit their tenders / offers for the above said work duly accompanied with the earnest money of Rs. 10000/- in the shape of Demand Draft in favour of "The Haryana State Cooperative Supply & Marketing Federation Limited Payable at Rohtak". The detailed terms & conditions alongwith tender form may be obtained from D.O. Hafed Rohtak during working hours from 18.7.2025 to 23.7.2025 on cash payment of Rs. 100/- The tender form must be submitted upto 23.7.2025 at 05.00 PM. The technical bid we be opened on 24.7.2025 at 02.00 P.M. Hafed reserve the right to reject / accept any tender without assigning any reason.

Sd/- District Manager,
Hafed, Rohtak

## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

### किराए पर गाडी की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर वर्ष 2025-26 में किसानों के लिए पाँच दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यकम करवाये जाने हैं। इन पाँच दिवसीय प्रशिक्षणों में प्रदेश से किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की संख्या 10 रहेगी जिनके भ्रमण हेतु उपयुक्त वाहन जैसे मिनि बस / क्रूजर आदि की किराए पर व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से केन्द्र पर कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं जिसमें भ्रमण हेतु 10 किसान व 2 विषय विशेषज्ञ रहेंगे।

विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | अवधि | कम से कम दूरी | अधिकतम दूरी | रेट/कि.मी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एक दिन | 120 कि.मी. | 200 कि.मी. | |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 29.07.2025 तक सांय 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा करने उपरांत सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। बिल व बैंक खाता संख्या फर्म के नाम होना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) पर संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/876/2026/36765/88/6 दि. 18.07.25

## कार्यालय : जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, रोहतक, (हरियाणा)

### विज्ञापन

समग्र शिक्षा जिला रोहतक में कुल 12विशिष्ट प्रशिक्षण केंद्रों पर स्पेशल ट्रेनिंग फॉर आउट ऑफ़ स्कूल चिल्ड्रन कार्यक्रम के अंतर्गत 7 से 14 वर्ष तक के बच्चों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षिक स्वयंसेवकों को अनुबंध करने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**मासिक मानदेय** : 10,000 रूपए **समय अवधि** : 6 माह
**शैक्षणिक योग्यता** : 10+2, D.Ed. या B.Ed. (Minimum 50% marks)

HTET/CTET और उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त व शैक्षिक स्वयंसेवकों के अनुभवी अभ्यर्थियों को नियमानुसार वरीयता दी जायेगी। मैट्रिक स्तर पर हिंदी/संस्कृत अनिवार्य है। आवेदक अपने सभी स्वयं सत्यापित दस्तावेज दिनांक 21-07-2025 से 25-07-2025 तक सुबह 9 से 5 बजे तक किसी भी कार्यदिवस को नीचे दिए गये पते पर व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। रजिस्ट्रेशन हेतु प्रोफॉर्मा की हार्ड कॉपी सम्बंधित कार्यालय जिला परियोजना संयोजक रोहतक से प्राप्त की जा सकती है।

हस्ता/- जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा,
द्वितीय तल, लघु सचिवालय फेस-4, रोहतक

## विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार व उच्चाधिकारियों के ओदशों की अनुपालना मे रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु नगरपालिका चीका कार्यालय द्वारा नगरपालिका चीका क्षेत्र मे स्लम एरिया मे बच्चों के जन्म रजिस्ट्रेशन (1 वर्ष से कम बच्चे जिनका जन्म रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ) के लिए विशेष कैम्पेन शुरू किये जाने हैं। अतः आप निश्चित समय / तिथि को अपने एक वर्ष के बच्चों जिनका आप द्वारा जन्म रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया, करवाना सुनिश्चित करें, कैम्प लगाने का स्थान, समय तथा तिथि निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | स्थान / जगह | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिजन बस्ती धर्मशाला वार्ड न. 10 गुहला। | 22-07-2025 | सुबह 10 बजे से सांय 3 बजे तक। |
| 2 | संजय बस्ती वार्ड न. 8 कम्युनिटी हॉल गुहला रोड चीका। | 24-07-2025 | सुबह 10 बजे से सांय 3 बजे तक। |
| 3 | बेगा बस्ती वार्ड न. 12 चीका। | 25-07-2025 | सुबह 10 बजे से सांय 3 बजे तक। |

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका चीका

## HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

## एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड

(CIN: L18101HR1981PLC012274)

पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

### शेयरधारकों को सूचना

### विषय : निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण को कम्पनी के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष प्राधिकरण (अकाउंटिंग, ऑडिट, हस्तांतरण और रिफंड) नियमों, 2016, संशोधित अनुसार (''दि रूल्स'') के प्रावधानों के अनुसरण में यह सूचना प्रकाशित की जाती है।

अन्य मामलों के बीच, नियमों, सभी शेयरों के हस्तांतरण हेतु निहित प्रावधानों, जिनके सम्बन्ध में लाभांश निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण के नाम सात निरंतर वर्षों या इससे अधिक अवधि से बिना दावे के हैं, अथवा भुगतान नहीं किया गया है।

नियमों में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं का पालन करते हुये, कम्पनी सम्बद्ध शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से पहले ही संचारित कर चुकी है जिनके शेयर उपयुक्त कार्यवाही करने के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किये जाने योग्य हैं।

कम्पनी ऐसे शेयरधारकों और आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु देय शेयरों का पूर्ण विवरण इसकी वेबसाइट www.hpthreads.com पर अपलोड कर चुकी है। शेयरधारकों से आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किये जाने योग्य शेयरों के विवरण को प्रमाणित करने के लिये वेब लिंक https://www.hpthreads.com/unclaimed-dividend-and-iepf.php को देखने का आग्रह किया जाता है।

शेयरधारक ध्यान दें कि ऐसे शेयरों पर उपार्जित सभी लाभ समेत आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित शेयरों और दावा न किये गये लाभांश दोनों, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रकिया का पालन करने के पश्चात आईईपीएफ प्राधिकरण से उनके द्वारा वापस दावा किया जा सकता है।

सम्बद्ध शेयरधारक जो भौतिक रूप में शेयरधारण करते हैं और जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांरित किये जाने योग्य हैं, ध्यान दें कि कम्पनी ऐसे इश्यू पर और नियमों के अनुरूप आईईपीएफ प्राधिकरण को शेयरों के हस्तांतरण और डीमैटीरियलाइजेशन के प्रयोजन हेतु उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाण-पत्र(ों) के एवज में नये शेयर प्रमाण-पत्र(ों) को जारी करेगी, मूल प्रमाण-पत्र जो उनके नाम पंजीकृत है स्वतः निरस्त माने जाएंगे और नॉन-नेगोशिएबल माने जाएंगे। शेयरधारक आगे ध्यान दें कि इसकी वेबसाइट पर कम्पनी द्वारा अपलोड किये गये विवरण नियमों के अनुसरण में आईईपीएफ प्राधिकरण को शेयरों के हस्तांतरण के प्रयोजन हेतु कम्पनी द्वारा नये प्रमाण-पत्र(ों) को जारी करने के सम्बन्ध में पर्याप्त सूचना मानी जाएगी।

यदि सम्बन्धित शेयरधारों से 20 अक्तूबर, 2025 तक कम्पनी को कोई संचार प्राप्त नहीं होता तो कम्पनी नियमों में निर्दिष्ट अपेक्षाओं का अनुपालन करने के मद्देनजर, नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निर्धारित तिथि तक कार्पोरेट कार्यवाही द्वारा आईईपीएफ प्राधिकरण को शेयरों का हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइज करेगी।

इस विषय में तथा नियमों के सम्बन्ध में यदि शेयरधारकों के कोई प्रश्न है तो वे कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट्स, अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, टेली.: +91-11-4254 1234; फैक्स : +91-11-4254 1201; ई-मेल : info@alankit.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शुभम जैन
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 जुलाई 2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में पीएसडी सढौरा (सढौरा निर्वाचन क्षेत्र) के तहत विभिन्न 6 अदद रोड का सीसीबी और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान (आईडी 752, 765, 768, 957, 1010, 8331) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) जी-IV. | 16.07.2025 25.07.2025 | 222.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd- naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) कि.मी. 0.00 से 3.450 में कुंडा कलां ऐप रोड (रोड आईडी 7243) (ओडीआर) पर सीमेंट कंक्रीट पेवरमेंट सहित मजबूतीकरण का कार्य + 2 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | 1306.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-12ए, पंचकूला में हरियाणा मंत्री मकानों के परिसरों में 30 मिमी मोटी बीसी का प्रावधान। | 16.07.2025 29.07.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722618279 pwd-eecd- chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में बड़ा गांव (बसंती कॉलोनी) से कुंजपुरा रोड (रोड आईडी 7173) (ओडीआर) पर सीवर लाइन बिछाने हेतु जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गये रोड कट का पुनरोद्धार + 2 कार्य। | 17.07.2025 23.07.2025 | 32.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव रढाना में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 23.07.2025 | 25.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में बुटाना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सीसीटीवी सिस्टम का प्रावधान + 1 कार्य। | 18.07.2025 24.07.2025 | 31.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.i |
| 7 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में सरस्वती नगर से राजकीय आई.टी.आई. सरस्वती नगर तक (कि.मी. 0.00 से 1.96) तक रोड का नया निर्माण। | 16.07.2025 26.07.2025 | 190.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पावटा ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद (एफ) में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, वीएजीवाई। | 17.07.2025 23.07.2025 | 41.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में गांव सादोपुर (अम्बाला सिटी) में एकीकृत परिसर का निर्माण। | 15.07.2025 04.08.2025 | 3619.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में जिला नागरिक हस्पताल के परिसर में शौचालयों की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 15.07.2025 24.07.2025 | 78.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना, फतेहाबाद और रतिया निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार। (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-3) 1. उकलाना गाजुवाला से ढाणी बिलासपुर कि.मी. 0.00 से 1.48 पर आईपीबी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 5461), 2. धारसुल भुना रोड से सिनथला से रतिया भुना रोड कि.मी. 0.00 से 2.18 पर आईपीबी और चौड़ा करना तथा मजबूतीकरण (रोड आईडी 5446/11233), 3. नेहला से कानोह रोड कि.मी. 0.00 से 5.60 तक विशेष मरम्मत (रोड आईडी 9116), 4. भुथान खुर्द से हस्सगां रोड कि.मी. 0.00 से 3.40 तक विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5552) + 1 कार्य। | 16.07.2025 28.07.2025 | 491.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 03 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 18.07.2025 20.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 25 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 18.07.2025 20.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड ब्लीचिंग पाउडर की खरीद। | 18.07.2025 04.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज रोहतक | गांव बहुजमालपुर ब्लॉक रोहतक में जलघर के साथ-साथ पंचायती भूमि की चारदिवारी का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | 15.07.2025 22.07.2025 | 7.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 16 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद / डीआरडीए महेन्द्रगढ़ एट नारनौल | मैनपावर के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी की नियुक्ति। | 20.07.2025 27.07.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416906980 zpnrl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/320/36754/I/88/6 दि. 18.07.25

## खबर संक्षेप

### ठगी करने वाला लिव-इन पार्टनर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में ओएलएक्स पर लग्जरी गाड़ी का विज्ञापन देकर ठगी करने वाले लिव-इन पार्टनर को पुलिस ने काबू कर लिया है। आरोपी लोगों को झांसे में लेकर उनसे रुपए ट्रांसफर करा लेते थे। यह रुपए वह किसी ज्वेलर्स के पास ट्रांसफर कराने के बाद उससे ज्वेलरी खरीदते थे। इस ज्वेलरी को वह दिल्ली में बेचकर ऐशो आराम की जिंदगी जीते थे। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में सीबीआई अधिकारी बनकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर साइबर ठगी के तीन मामले मुंबई में भी दर्ज हैं। पुलिस इस केस में अब तक 64 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### ई-व्हीकल के गोदाम में लगी भीषण आग

**गुरुग्राम।** उद्योग विहार क्षेत्र में ई व्हीकल गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। जिसमें यहां खड़ी दर्जनों ई रिक्शा व ई स्कूटर सहित स्पेयर पार्ट्स जलकर राख हो गए। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास के अन्य गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल की 7 गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### ठगी करने वाले गिरोह का भांडाफोड़

**फरीदाबाद।** नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का भांडाफोड करते हुए तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर-7 फरीदाबाद निवासी महिला ने साइबर थाना बल्लभगढ में अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि 15 जुलाई 2024 को उसके पास एक कॉल आया जिस पर उसे बताया गया कि वह उसका रिज्युम फनपात श्रवड़े एप से मिला है और फिर उसका टेलीफोनिक इंटरव्यू लिया और उसे मेल करके बताया गया की उसका इंटरव्यू क्लियर हो गया है।

पिहोवा में खाद वितरण में गड़बड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# किसानों ने दो अधिकारियों को घेरा कृषि दफ्तर के बाहर दरी पर बैठाया

यूरिया की दो गाड़ी मिलने पर माने किसान

- डीडीए ने पेस्टीसाइड विक्रेताओं की बैठक बुलाई और खाद की जमाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया
- रैक की पूरी खाद सरकारी सहकारी समितियों के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किसानों को वितरित की जाएगी




पिहोवा। पिहोवा। कृषि विभाग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे किसान एवं बातचीत करते कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा में भारतीय किसान यूनियन पिहोवा के बैनर तले के सैकड़ों किसानों ने कृषि विभाग के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एसडीओ कृषि और जिला कृषि अधिकारी को घेरा और कृषि दफ्तर के बाहर दरी पर बैठाया लिया। किसानों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और विफलताओं के लिए उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। किसानों का कहना है कि विभाग ने एक ट्रक खाद भेजने का वादा किया था, लेकिन बीते दिन लिखित में वायदा करने के बावजूद भी कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद की गाड़ी नहीं भेजी जिस कारण किसान भड़क गए और भाकियू के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने रात को ही वीडियो जारी अधिकारियों की वादा खिलाफी पर एतराज जताया था और आज बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। उसी तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह ही सैकड़ों की संख्या में किसान रेस्ट हाउस में जुटना शुरू हो गए और भाकियू नेताओं के निर्देश पर कृषि विभाग के दफ्तर का घेराव कर लिया जिसकी भनक लगते ही डीएसपी पिहोवा निर्मल कुमार पुलिस बल के साथ किसानो के बीच पहुंचे। किसानों ने डीडीए व एसडीओ को खरी खोटी सुनाई और कानून के अनुसार खाद पैक्स में भेजने की मांग की।

#### दो गाड़ी खाद पहुंची

करीब पौने घंटे बाद यूरिया की एक गाड़ी मौके पर पहुंची तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली, मगर किसान एक की बजाय 2 गाड़ियां की मांग करने लगे। किसानों ने आरोप लगाया कि 1 गाड़ी उनको कल मिलने वाली थी, जो आज मिल रही है, इसलिए उनको ब्याज के साथ यूरिया की 2 गाड़ी दी जाए। कुछ देर बाद दूसरी गाड़ी आई तो किसानों ने अपना धरना वापस ले लिया।

#### जमाखोरी बर्दाश्त नहीं

कालाबाजारी करने वाले विक्रेताओ पर करवाई करने के लिए शिकायत दी। इतना ही नहीं, डीडीए ने मौके पर ही पेस्टीसाइड विक्रेताओं की एक आपात बैठक बुलाई और खाद की जमाखोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। वादा किया कि कल से आने वाले रैक की पूरी खाद सरकारी सहकारी समितियों के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किसानों को वितरित की जाएगी।

#### ये किसान मौजूद रहे

भारतीय किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि आगे भी खाद या अन्य कृषि इनपुट की आपूर्ति में कोताही बरती गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर विनोद दनदयान ,मनीष मलिक, कवलजीत विर्क, गुरलाल असमानपुर, बलविंदर बटेडी, जगदीश सुरमी, संत गिरी टीकरी, सुखविंदर मुकीमपुरा, दिलबाग मलिक सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# टोहाना में करंट लगने से बिजली निगम कर्मी की मौत

सरकार से परिवार को 50 लाख का मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर में शुक्रवार को हुए दुःखद हादसे में करंट लगने से बिजली कर्मचारी की मौत होने का समाचार है।



देवेंद्र।

मृतक कर्मचारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत बिजली निगम में एएलएम के पद पर लगा हुआ था। मृतक की पहचान गांव बुआन निवासी देवेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। देवेंद्र की मौत की सूचना मिलते ही निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी नागरिक अस्पताल पहुंच गए। गांव बुआन निवासी देवेन्द्र रोजाना की तरफ शुक्रवार को अपनी ड्यूटी पर चंडीगढ़ रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय आया हुआ था। यूनियन के प्रधान अजय मृतक कर्मचारी के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा और एक सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है।

ईमेल के जरिए दी 25 स्कूलों को धमकी

# स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सेक्टर-46 के एचएसवी ग्लोबल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर गुडगांव पुलिस कमिश्नरी में हड़कंप मच गया। स्कूल को ईमेल के जरिए देर रात करीब साढ़े 12 बजे यह धमकी भेजी गई। इसमें विस्फोटक को अलग-अलग क्लासरूम में काली पॉलीथीन में छिपाए जाने की धमकी दी गई। यहीं नहीं धमकी भरे ईमेल दिल्ली एनसीआर के करीब 25 स्कूलों को भेजे गए हैं। सेक्टर-50 थाना पुलिस सहित बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। हालांकि इस सर्च ऑपरेशन के दौरान पूरा स्कूल एक साथ तो खाली नहीं कराया गया, लेकिन एक-एक कर क्लासरूम को खाली कराया गया और जांच की गई। करीब दो घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ नहीं मिला तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। देर रात करीब साढ़े 12 बजे सुसाइड बाई शॉटगन के नाम से स्कूल में एक ईमेल आई। इस ईमेल का टाइटल स्कूल में बम दिया गया। मेल भेजने वाले ने यह बताया कि उसने क्लासरूम में कई विस्फोटक डिवाइस लगाए हैं।

कैंटर का टायर फटने से हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

# कांवड़ियों से भरा कैंटर पलटा, 22 लोग घायल

- हरिद्वार डाक कांवड़ लेने जा रहे थे कैंटर सवार फतेहाबाद के कांवड़िये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन कांवड़िये। हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुआ कैंटर। फोटो : हरिभूमि

गांव बद्दोवाल के निकट हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर कांवड़ियों से भरा आयशर कैंटर पलट गया। जिसमें का 22 कांवड़िये घायल हो गए। घायल कांवड़ियों को नागरिक अस्पताल नरवाना में भर्ती करवाया गया है। एक कांवडिंये की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज रोहतक रेफर किया गया है। घटना के पीछे कैंटर का टायर फटना बताया जा रहा है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। नेशनल हाईवे गांव बिगड फतेहाबाद के दो दर्जन कांवड़िए बीती रात कैंटर में सवार होकर डाक कावड लेने हरिद्वार जा रहे थे। हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर गांव बद्दोवाल के निकट कैंटर का टायर फट गया। जिससे कैंटर पलट गया। सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और कैटर में फंसे कांवड़ियों को बाहर निकाल नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। घायल कांवड़ियों की पहचान गांव बिगड निवासी संदीप (38), सुमित (30), सोरभ (25), विकी (22), सन्नी (23), नानक (28), हिमांशु (19), रोहतास (30), कमल (22), जोनी (21), ललित (25), सोनू (19), अंकित (20), कृष्ण (22), राकेश (40), प्रिंस (20) के रूप में हुई।

# सांसदों-विधायकों के विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों की धीमी जांच पर हाईकोर्ट गंभीर, सरकारों से जवाब तलब

गृह सचिवों को दाखिल करना होगा हलफनामा, यूटी चंडीगढ़ की कार्रवाई से हाईकोर्ट संतुष्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने राज्यों के वर्तमान और पूर्व सांसदों तथा विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जांच और सुनवाई में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की पीठ ने कहा खंडपीठ ने सवाल खडे करते हुए कहा कि अभी भी कई मामलों की कई साल से जांच ही जारी है। जिस पर पंजाब सरकार की तरफ से इस मामले में जवाब दायर करने के लिए समय देने की मांग की गई। पीठ ने सुनवाई करते हुए हरियाणा और पंजाब सरकार के गृह सचिवों को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा दाखिल कर जांच में की स्पष्ट वजह बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट के समक्ष हरियाणा सरकार द्वारा दाखिल की गई स्थिति रिपोर्ट से पता चला कि वर्ष 2016, 2018 और 2023 में तत्कालीन या वर्तमान जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज होने के बावजूद अब तक जांच पूरी नहीं हुई है, जबकि इन मामलों में कोई कानूनी अड़चन नहीं थी। इतना ही नहीं, राज्य में कुल 16 आपराधिक मुकदमे ऐसे हैं जो कई वर्षों से लंबित हैं, जिनमें से एक मामला तो वर्ष 2011 से ही लंबित चला आ रहा है।

इस स्थिति को देखते हुए कोर्ट ने न केवल गृह सचिव से व्यक्तिगत जवाब मांगा है, बल्कि कई जिला एवं सत्र न्यायाधीशों से भी अपने-अपने क्षेत्राधिकार में चल रहे मामलों की स्थिति रिपोर्ट मांगी है। इन रिपोर्टों में अदालत ने विशेष रूप से लंबित मामलों में देरी के कारण स्पष्ट रूप से दर्ज करने को कहा है।

यमुनानगर में नवंबर 2024 में वारदात

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले को 7 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



एक लाख का जुर्माना भी लगाया

नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने, पीछा करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने एक आरोपी को सात साल की कैद व एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि मामले का दूसरे आरोपी के नाबालिग होने पर उसका मामला ज्वेनाइल कोर्ट में विचाराधीन है। नवंबर 2024 में पुराना हमीदा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी चौदह वर्षीय बेटी कक्षा छह में पढ़ती है। उसकी बेटी ने उसे बताया कि पिछले दो महीने से शहबाज उर्फ आशु नामक लड़का स्कूल में आते जाते समय उसका पीछा करके उससे दोस्ती करने का दबाव बनाता आ रहा है। इस मामले में उसका एक अन्य लड़का साथ देता है।

अग्रोहा किया गया रैफर

# संदिग्ध परिस्थितियों में कैफे की छत से गिरी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



शहर में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में एक कैफे की छत से गिरकर घायल हो गई। घायल महिला को एक युवक पार्क में छोडक़र चला गया। शुक्रवार सुबह जब लोग पार्क में सैर के लिए पहुंचे तो महिला को वहां लेटे देखा और इस बारे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। रतिया थाना प्रभारी का कहना है कि महिला को अग्रोहा रेफर किया गया है। महिला के ब्यान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पंजाब के फिरोजपुर की रहने वाली इस महिला को उसके ने बेदखल किया हुआ है।

# यमुनानगर: वैंकटेश गैंग के दो शूटर मुठभेड़ में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साढ़ौरा क्षेत्र में शुक्रवार शाम पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। वैंकटेश गैंग के दो शार्प शूटर बड़ी वारदात को अंजाम देने आए थे। सीआईए-2 टीम को इनपुट मिला था कि गैंग के सदस्य किसी अपराध की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद टीम ने गांव असगरपुर के पास नाकाबंदी की।इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। पुलिस को देखते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। एक सिपाही बाल-बाल बचा। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। घायल बदमाशों की पहचान विकास अली उर्फ ज्वाला (28) निवासी सरावा और दीपक (30) निवासी कणिपला थाना साढ़ौरा के रूप में हुई है। दोनों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मौके से दो पिस्तौल बरामद हुई हैं। दोनों वैंकटेश गैंग के शार्प शूटर बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि विकास पर तीन और दीपक पर एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस को शक है कि ये हालिया अपराधों में भी शामिल हो सकते हैं। पूछताछ में गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में अहम जानकारी मिलने की उम्मीद है। पुलिस की सतर्कता से बड़ी वारदात टल गई।

# पत्नी पर तेजधार हथियार से वार पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



विजय नगर में गुरुवार की रात एक महिला पर उसके पति ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद रात भर महिला दर्द से तड़पती रही। सुबह पड़ोस के युवक की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर महिला को अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया। रामसिंहपुरा निवासी मनीष कुमार अपनी पत्नी व डेढ़ साल की बच्ची के साथ विजय नगर में किराए के मकान में रह रहा है। रात को पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद होने पर उसने अपनी पत्नी 25 वर्षीय महक उर्फ आलिया पर तेजधार हथियार फरसा से हमला कर दिया। शरीर पर कई जगह वार किए गए हैं।

**सियासत** दोनों सीएम के लिए बनाए जाएंगे देशी घी का चूरमा व खीर

# पहली बार दो मुख्यमंत्री जुलाना की धरा पर, जनता को उम्मीद, विकास कार्यों को मिलेगी नई उड़ान

बरसाती मौसम को देखते हुए बदली हेलीपैड की जगह

- चार एकड़ में लगाया वाटर प्रूफटैंट, बैठने के लिए पांच हजार कुर्सियां बिछाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जनसभा के लिए बिछाई गई कुर्सियां। फोटो : हरिभूमि

जुलाना क्षेत्र के नंदगढ़ गांव में शनिवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का जन्मदिन मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गांव के स्टेडियम में जनसभा के लिए टैंट लगाया गया है। जहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी कई विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। जनसभा के लिए पांच हजार कुर्सियां लगाई गई हैं। इसके अलावा पंडाल में तीन मंच भी बनाए गए हैं। जिनमें से दो वीआईपी के लिए और एक मंच पर कलाकार अपनी प्रस्तुती देंगे। गांव में सीएम रेखा गुप्ता के पुश्तैनी मकान में केक काटा जाएगा। जहां पर मकान के वर्तमान मालिक चांद दलाल ने रेखा गुप्ता के लिए उनके मकान में एक झुले का भी प्रबंध किया है ताकि रेखा गुप्ता अपने बचपन के दिन याद कर सकें। रेखा गुप्ता महज दो साल की उम्र में ही अपने परिजनों के साथ दिल्ली चली गई थी। जुलाना में पहली बार दो सीएम आएंगे और जनता को उम्मीद है कि जुलाना का पिछड़ापन भी दूर होगा। दोनों मुख्यमंत्रियों को चूरमा और खीर खिलाई जाएगी।

#### पांच करोड़ से बनी अग्रसैन धर्मशाला, होगा उद्घाटन

जुलाना के देवरड़ रोड पर महाराजा अग्रसैन धर्मशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस पर लगभग पांच करोड़ रूपये की लागत आएगी। शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता धर्मशाला का उद्घाटन करेंगे। धर्मशाला में 20 कमरे बनाए गए हैं और भव्य हॉल बनाया गया है। धर्मशाला एसी हॉल के मामले में पांच स्टार होटल को पीछे छोड़ रही है। ऐसी धर्मशाला पूरे जिले में एक भी नही है।

#### सब्जी मंडी को अनाजमंडी में मर्ज करने की मांग

जुलाना की नई अनाजमंडी में फ्लॉप रही सब्जी मंडी को अनाज मंडी में मर्ज करने की मांग आढ़ती नंदगढ़ गांव में आयोजित रैली में मुख्यमंत्री को मांग करेंगे। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन लाठर ने बताया कि मंडी पूरी तरह से विफल होने के कारण आढ़तियों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। आढ़तियों की मांग है कि सब्जी मंडी को अनाजमंडी में मर्ज किया जाए।

#### सीएम को 33 मांगें सौंपी जाएंगी : डा. संजय

जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री से ईलाईब्रेरी, नगरपालिका की इमारत के नवनिर्माण, सीवरेज लाइन बिछाने, इंडोर स्टेडियम, नर्सिंग कॉलेज, हांसी रोड पर रेलवे ओवरब्रिज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन थियेटर, सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, मार्केट कमेटी में तीसरे भाग का निर्माण, फायर ब्रिगेड के बड़े व्हीकल सहित 33 मांग सौंपी जाएंगी।

AGGARWAL VIDYA PRACHARNI SABHA (Regd.), BALLABGARH
AGGARWAL COLLEGE, BALLABGARH
(Haryana Govt. Aided, Affiliated to M.D. University, Rohtak)
Ph: 0129-2308348, 9212371284
Website: www.aggarwalcollege.ac.in | Email: aggpgcollege@gmail.com
Advertisement for the Post of
PRINCIPAL

Applications are invited from eligible candidates for the Haryana Govt. Aided Sanctioned vacant post of Principal- 01 Post (General) on the Pay Matrix 7th CPC - Academic Level 14 (144200-218200) on regular basis in Aggarwal College, Ballabgarh, run by Aggarwal Vidya Pracharni Sabha (Regd.), Ballabgarh.

Eligibility:- 1. Ph.D. Degree
2. Professor/Associate Professor with a total service/Experience of at least fifteen years of teaching/research in Universities, Colleges, and other institutions of higher education.
3. A minimum of 10 research publication in peer-reviewed or UGC listed Journals
4. A minimum of 110 research Score as per Appendix II Table 2

The application form can be obtained from the College office situated at Milk Plant Road, Sector -2, Ballabgarh, District Faridabad on payment of Rs. 500/- for General Category (Rs.125/- for SC/BC of Haryana) or can be downloaded from the college website. The cost of application in case of downloaded form shall be paid by means of DD in favour of 'Principal, Aggarwal College Ballabgarh or through RTGS/NEFT in the designated bank mentioned in the application form. The duly filled form along with Self-attested photocopies of certificates/documents/testimonials should reach in the o/o President, Aggarwal College Ballabgarh, Milk Plant Road, Sector-2, Ballabgarh, District Faridabad, Haryana -121004 with a copy to The Dean, College Development Council, M.D. University, Rohtak within 21 days of the date of Advertisement i.e. latest by 08.08.2025.
Eligibility conditions, age relaxation, reservation, qualification, pay scale, and selection criteria will be as per latest norms and guidelines of UGC/ MDU Rohtak/State Govt. and Director General Higher Education, Haryana, Panchkula Notification dated. 11.11.2022, 12.12.2022 and 18.04.2023

Note: 1. No Objection Certificate from the present employer must be attached.
2. API Score Proforma, duly filled in, must be submitted with the application form.
3. Incomplete applications, late submissions, or those delayed by post will not be considered.

Devender Kumar Gupta, President,
Governing Body Aggarwal College Ballabgarh

## टीवीएस ने अपाचे आरटीआर 310 का 2025 संस्करण किया पेश

**चेन्नई।** दोपहिया और तिपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी बेहद लोकप्रिय मोटरसाइकिल '2025 अपाचे आरटीआर 310' सीसी को 'प्रदर्शन-केंद्रित' उन्नत विशेषताओं के साथ पेश किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उसने साथ ही ग्राहकों को 'बिल्ट-टू-ऑर्डर' सुविधा भी प्रदान की है। बयान के अनुसार, '2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर' आधार संस्करण की शुरुआती कीमत 2,39,990 रुपये और सबसे महंगे संस्करण की कीमत 2.57 लाख रुपये है। 'बिल्ट-टू-ऑर्डर' संस्करण के तहत ग्राहक के ऑर्डर देने के बाद विशिष्ट खूबियों से लैस मोटरसाइकिल तैयार की जाती है।

# अमेरिका से व्यापार वार्ता में भारत को सतर्क रहने की जरूरत : राजन



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत के दौरान भारत को खासकर कृषि क्षेत्र को लेकर 'बहुत सतर्क' रहने और 'सूझबूझ' के साथ काम करने की जरूरत है। राजन ने बातचीत में कहा कि विकसित देश कृषि क्षेत्र को काफी सब्सिडी देते हैं और यह हमें ध्यान रखने की जरूरत है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर फिलहाल छह-सात प्रतिशत के दायरे में स्थिर हो गई है। हालांकि वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के चलते इसमें थोड़ी गिरावट हो सकती है। राजन ने कहा, ''कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार समझौते काफी जटिल हो जाते हैं क्योंकि हर देश अपने उत्पादकों को सब्सिडी देता है। भारत के उत्पादक अपेक्षाकृत छोटे हैं और उन्हें कम सब्सिडी मिलती है। ऐसे में यदि कृषि उत्पादों का निर्बाध आयात होने लगे तो इससे हमारे किसानों को नुकसान हो सकता है।''

### एफडीआई को बढ़ावा दिया जा सकता है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता इंडोनेशिया के साथ हुए समझौते की तर्ज पर ही होगा। इसका मतलब है कि कृषि क्षेत्र में आयात की अनुमति देने एक अहम मुद्दा बनने जा रहा है। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने सुझाव दिया कि विकसित देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादों जैसे क्षेत्रों में मूल्यवर्धन को बढ़ाया जा सकता है, जिससे देश के दुग्ध उत्पादकों को फायदा होगा।

### बीटीए को लेकर पांचवें दौर की बातचीत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर इस सप्ताह वाशिंगटन में पांचवें दौर की बातचीत हुई है। भारत अमेरिकी प्रशासन की तरफ से अप्रैल में घोषित 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को हटाए जाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम पर लगे 50 प्रतिशत और वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क से राहत देने की मांग रखी गई है।

## भारत के पास मोटर वाहन घटकों पर लगाए गए शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का आधार नहीं:अमेरिका

*नई दिल्ली (भाषा)। अमेरिका ने कहा है कि भारत के पास मोटर वाहन व उसके घटकों पर लगाए गए अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का कोई आधार नहीं है। अमेरिका ने भारत के उस दावे को खारिज कर दिया कि ये शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अधीन "सुरक्षा उपाय" हैं। भारत ने इन शुल्क को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अधीन "सुरक्षा उपाय" बताया है जबकि अमेरिका लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि यह राष्ट्रीय हित में उठाया कदम है। अमेरिका ने कहा है कि इस आधार पर भारत के पास इन शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का कोई आधार नहीं है। भारत का कहना है कि वह मोटर वाहन व उसके घटकों पर अमेरिकी शुल्क (25 प्रतिशत) के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ये शुल्क "सुरक्षा उपाय" हैं जो उसके घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन को सूचित किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन वस्तुओं के आयात को समायोजित करने के लिए ये शुल्क लगाए हैं, क्योंकि इनसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। डब्ल्यूटीओ के दिनांक 17 जुलाई के एक संदेश में कहा गया, " यह कार्रवाई... सुरक्षा उपाय नहीं हैं। तदनुसार, इन उपायों के संबंध में सुरक्षा समझौते के तहत रियायतों या अन्य दायित्वों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का कोई आधार नहीं है।" इस संदेश को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध पर जारी किया गया था। अमेरिका ने यह भी कहा कि भारत ने विश्व व्यापार संगठन के सुरक्षा उपायों पर समझौते के तहत दायित्वों का पालन नहीं किया है। इसमें कहा गया है, " अमेरिका समझौते के तहत धारा 232 पर चर्चा नहीं करेगा, क्योंकि हम शुल्क को सुरक्षा उपाय के रूप में नहीं देखते हैं।"*

## योजनाओं के पोर्टफोलियों में ओवरलैप होने से बचा जा सकेगा

# सेबी ने एमएफ योजनाओं के वर्गीकरण में स्पष्टता पर किया परामर्श जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड (एमएफ) योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा का प्रस्ताव रखा ताकि स्पष्टता लाने के साथ ही योजनाओं के पोर्टफोलियो में 'ओवरलैप' की स्थिति यानी दोहराव से बचा जा सके।

निवेश पोर्टफोलियो में ओवरलैप की स्थिति उस समय बनती है जब कोई निवेशक अलग-अलग म्यूचुअल फंड या योजना में निवेश करता है, लेकिन उन फंड में अधिकतर निवेश एक ही कंपनियों या क्षेत्रों में किया गया होता है। इससे निवेश को लेकर जोखिम बढ़ जाता है।

### स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह प्रस्ताव कुछ एमएफ योजनाओं में पोर्टफोलियो का 'ओवरलैप' नजर आने के बाद आया है। सेबी ने यह महसूस किया कि समान पोर्टफोलियो वाली योजनाओं से बचने के लिए स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत है।

### बिना निकासी शुल्क के बाहर निकलने का विकल्प

*सेबी ने कहा, /"यदि इस अवधि के बाद भी विचलन बना रहता है, तो दोनों योजनाओं के निवेशकों को बिना किसी निकासी शुल्क के बाहर निकलने का विकल्प दिया जाएगा।/" बाजार नियामक ने पोर्टफोलियो के शेष हिस्से को इक्विटी, ऋण, सोना एवं चांदी, रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) में निवेश की अनुमति देने का सुझाव भी दिया है। सेबी ने इन प्रस्तावों पर आठ अगस्त तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।*

- ओवरलैप की स्थिति उस समय बनती है जब निवेश एक ही कंपनी में हो
- ऐसे निवेश को लेकर निवेशक का जोखिम बढ़ता है
- सेबी का यह प्रस्ताव ओवरलैप नजर आने के बाद आया







***ओवरलैप की स्थिति को हो निगरानी :*** *वहीं कॉन्ट्रा फंड के तहत कोष प्रबंधक लोकप्रिय बाजार भावना के उलट शेयरों का चुनाव करता है। नई कोष पेशकश (एनएफओ) लाने के समय और उसके बाद महीने के अंत में पोर्टफोलियो का उपयोग करके छमाही आधार पर ओवरलैप की स्थिति की निगरानी की जानी चाहिए।*

***वैल्यू और कॉन्ट्रा पेश करने की अनुमति :*** *सेबी ने अपने परामर्श पत्र में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंडों को 'वैल्यू' और 'कॉन्ट्रा' दोनों फंड पेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन इसकी शर्त यह हो कि किसी भी समय योजनाओं के पोर्टफोलियो का 50 प्रतिशत से अधिक ओवरलैप न हो।*

## बिजली वायदा में उच्च मार्जिन से सट्टेबाजी होगी कम: सेबी प्रमुख

सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि हाल में पेश किए गए बिजली वायदा खंड में उच्च प्रारंभिक मार्जिन की आवश्यकता से 'अनुचित सट्टेबाजी' कम होगी। एनएसई में बिजली वायदा खंड के शुभारंभ समारोह में पांडेय ने कहा कि अधिक अस्थिरता की स्थिति में अतिरिक्त मार्जिन भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, "बिजली को एक से अधिक अस्थिर जिंस के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके लिए उच्च प्रारंभिक मार्जिन की जरूरत होती है। इससे अनुचित सट्टा गतिविधियों को हतोत्साहित किया जा सकेगा।"

### डेटा आधारित नजरिया अपनाया

पांडेय ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक और विद्युत नियामक आयोग ने अनुबंध विनिर्देशों और जोखिम प्रबंधन मानदंडों को तैयार करने के लिए एक परामर्शी और डेटा आधारित नजरिया अपनाया है। पूरी प्रक्रिया का मकसद यह है कि बिजली वायदा-विकल्प कारोबार अनुचित सट्टेबाजी के बजाय हेजिंग यानी जोखिम से बचाव के साधन बना रहे। उन्होंने कहा कि मासिक वायदा कारोबार से बिजली क्षेत्र को मूल्य अस्थिरता से बचाव के लिए एक पारदर्शी और विनियमित मंच मिलेगा।

## लंदन नहीं, भारत से ही तय होगी सोने-चांदी की कीमत

- सेबी ने गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ के लिए नया प्रस्ताव किया जारी

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने वालों के लिए जल्द बड़ा बदलाव हो सकता है। भारतीय बाजार नियामक सेबी (सेबी) ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में सोना और चांदी की वैल्यूएशन को लेकर एकरूपता लाने के लिए नया प्रस्ताव जारी किया है। इसके तहत अब तक जो अंतरराष्ट्रीय एलबीएमए(लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) प्राइस का इस्तेमाल होता था, उसकी जगह घरेलू कमोडिटी एक्सचेंजों से मिलने वाला स्पॉट प्राइस लिया जा सकता है। सेबी का मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में अलग-अलग एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) अलग-अलग घरेलू बेंचमार्क और प्रीमियम/डिस्काउंट का उपयोग करती हैं, जिससे पूरे म्यूचुअल फंड सेक्टर में असंगति आ जाती है। इससे निवेशकों को भी भ्रम होता है और पारदर्शिता में कमी आती है।

## रिलायंस रिटेल ने केल्विनेटर ब्रांड का 160 करोड़ में किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल ने समूचे भारत में तेजी से बढ़ते 'प्रीमियम' घरेलू उपकरणों के बाजार में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए केल्विनेटर के अधिग्रहण की शुक्रवार को घोषणा की। इसका सौदा मूल्य करीब 160 करोड़ रुपये आंका गया है। रिलायंस रिटेल ने पहले इलेक्ट्रोलक्स होम प्रोडक्ट्स इंक से लाइसेंस के तहत केल्विनेटर ब्रांड का इस्तेमाल किया है। यह ब्रांड भारत में रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, एयर कूलर और वाशिंग मशीन सहित कई उत्पादों की पेशकश करता है।

- ब्रांड भारत में रेफ्रिजेटर, एसी, एयर कूलर व वाशिंग मशीन बनाता है

**अधिग्रहण के मूल्य का खुलासा नहीं**

रिलायंस रिटेल ने हालांकि अधिग्रहण के मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन इलेक्ट्रोलक्स ग्रुप ने 2025 की दूसरी तिमाही के लिए अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा कि '' इसकी परिचालन आय में भारत में केल्विनेटर ट्रेडमार्क खंड के 18 करोड़ एसईके (स्वीडन मुद्रा) यानी करीब 160 करोड़ रुपये के विनिवेश का प्रभाव शामिल है...।''


## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त कार्यालय, रोहतक की विभिन्न शाखाओं में पुराने रिकार्ड को सरकार की हिदायतानुसार नष्ट करवाया जाना है। पुराने सरकारी रिकार्ड को नष्ट करवाने के लिए खुली बोली के माध्यम से नीलाम किया जायेगा। कोई भी इच्छुक फर्म (Govt. Approved) दिनांक 22.07.2025 समय 1:00pm को नगराधीश, रोहतक के न्यायालय में हाजिर आकर मु0 50,000/- रूपये की धरोहर राशि जमा करवाकर खुली बोली में भाग ले सकता है। विस्तृत नियमों / शर्तों की जानकारी मौके पर सुना दी जायेगी। कार्यालय के पुराने रिकार्ड का अवलोकन करने के लिए जिला नाजिर उपायुक्त कार्यालय रोहतक (कमरा नं. 120) से सम्पर्क करें।

– हस्ता–
उपायुक्त, रोहतक।

पीआरडीएच-1029/11/615/2026/36761/88/6 दि. 18.07.25


## सोना 100 रुपये चढ़ा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। दूसरी तरफ, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये बढ़कर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 12.38 डॉलर या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 3,351.53 डॉलर प्रति औंस हो गया।

- सोना बढ़कर 98,770 रुपए प्रति 10 ग्राम

# बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 501 अंक लुढ़का

**मुंबई।** तिमाही नतीजों की घोषणा की सुस्त शुरुआत के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 501 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 25,000 के स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 501.51 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 651.11 अंक गिरकर 81,608.13 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 143.05 अंक यानी 0.57 प्रतिशत गिरकर एक महीने के निचले स्तर 24,968.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि एक्सिस बैंक के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहने से निवेशकों ने बैंक शेयरों को लेकर सतर्क रुख अपना लिया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जून तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत घटकर 6,243.72 करोड़ रुपये रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"वित्त एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के शुरुआती नतीजे निराशाजनक रहने से व्यापक स्तर पर बिकवाली देखने को मिली।

- निफ्टी 25,000 के नीचे उतरा
- कंपनी नतीजों की घोषणा सुस्त


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यो के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | एलएचबी पावर कारों में उच्च क्षमता कपलर और फीडर केबल्स का प्रावधान। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 11.08.2025 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 18.07.2025 15:13 |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नही | अब तक कोई प्री-बिड केवी | नही |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 2,19,03,310.41/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु.2,59,500/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 28.07.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 11.08.2025 प्रातः 11.30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्‌घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

संख्या 56–डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24–25/टी/23/कपलर और फीडर केबल्स/आरटी

2184/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## ई-नीलामी सूचना

### क्षतिग्रस्त बैटरियां, एसी, कैबिनेट्स, नेटवर्किंग, डीजी स्क्रैप, इत्यादि

इच्छुक बोलीदाताओं को "एक मुश्त" आधार पर "क्षतिग्रस्त बैटरियां, एसी, कैबिनेट्स, नेटवर्किंग, डीजी स्क्रैप, इत्यादि" के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. वोडाफोन आइडिया लिमिटेड से सम्बन्धित है। विषय सामग्रियों का निरीक्षण मै. वोडाफोन आइडिया लि., प्लॉट नं. 129, एचएसआईडीसी, प्लॉट नं. 129, एचएसआईडीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, अम्बाला कैंट, अम्बाला, हरियाणा 133001 में 19.07.2025 से 29.07.2025 तक पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री घनश्याम गुप्ता से 9812015030 पर सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 30.07.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया 9709709992 पर श्री शमशेर सिंह से सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

**नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी दिल्ली-110085 में है।**

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 29.07.2025 है।**



**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Arya Sharma**
Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak
**DEEPAK S/O SH. NARAIN**
**Vs.**
**ARTI W/O DEEPAK D/O SH. JAGDISH KUMAR**
CNR No. HRRH01-003512-2024
Next Date : 13.08.2025

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Arti W/o Deepak D/o Sh. Jagdish Kumar Satti Mohalla near Gurudawara old Bazar Kharkhoda, Sonipat now at present H.no. A-23 DLF Colony, Rohtak Mob. no. 7876940878**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **13.08.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/- Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak

Dated, this day of 08.07.2025



## आम सूचना फोन: 01746-250272

## कार्यालय मार्किट कमेटी, ढाण्ड़ (कैथल)

### बोली सूचना

मार्किट कमेटी, ढाण्ड़ द्वारा उसके अधीन पडने वाली सभी अनाज मण्ड़ी जैसे अनाज मण्डी ढाण्ड व खरीद केन्द्र कौल में कृषि उपज की दिनांक 01.08.2025 से 31.07.2026 तक सफाई के उपरान्त बकाया बचा छिलका, झार, कबाडा (Residue) इत्यादि उठाने की खुली निलामी दिंनाक 22-07-2025 को सुबह 11:30 बजे कार्यालय जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी, ह० रा० कृ० वि० बोर्ड, कैथल (अनाज मण्डी, कैथल) में की जाऐगी। सभी इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति/फर्म से रू. 100000/- की राशि का बैंक ड्राफट दिनांक 22-07-2025 को सुबह 11:30 बजे तक कार्यालय जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी, ह० रा० कृ० वि० बोर्ड, कैथल (अनाज मण्डी, कैथल) में सम्बन्धित कर्मचारी को धरोहर के रुप में जमां करवाया जायेगा। असफल रहने पर धरोहर राशि का बैंक ड्राफट उसी समय वापिस कर दिया जाएगा। सफल बोलीदाता को बोली समाप्त होते ही बोली राशि का 25% भाग तुरंत जमा करवाना होगा तथा बकाया 75% एक माह के अन्दर जमां करवाना होगा। अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय मार्किट कमेटी, ढाण्ड में सम्पर्क करें।

सचिव एवम् कार्यकारी अधिकारी, मार्किट कमेटी, ढाण्ड (कैथल)

प्रशासक, मार्किट कमेटी, ढाण्ड।


## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।



**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।



**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।


**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।


**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।


**मीन** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### आईटीआर-दो दाखिल करने ऑनलाइन सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** कर योग्य पूंजीगत लाभ आय वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार अब वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर-2 दाखिल कर सकते हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | शास्त्री नगर, सुर्या नगर एक्सट.-04, वार्ड नं. 01, एम.सी. रोहतक में विभिन्न का निर्माण + 2 कार्य। | 17.07.2025 24.07.2025 | 1,05,79,170/- | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 14, एम.सी. रोहतक में भुवनेश टुटेजा के मकान से सोफिया हाई स्कूल तक, नर्सरी पार्क झंग कॉलोनी के साथ लगती गलियां, प्रथम जलघर चांद नगर के साथ लगती गली और रमेश खट्टर के मकान वाया डबल पार्क वाया अग्रवाल का मकान 208 एल से दिगम्बर जैन मंदिर, मॉडल टाउन तक सीसी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | 1,77,81,387/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/36744/I/88/6 दि. 18.07.25


## शब्द पहेली - 5932




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

### शब्द पहेली- 5931 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |




# संसद सत्र में केंद्र को घेरने की रणनीति को लेकर आज 'इंडिया' गठबंधन की बैठक

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों की शनिवार को ऑनलाइन बैठक होगी, जिसमें संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की साझा रणनीति और देश के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक से एक दिन पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के हमलावरों के अब तक न्याय के कठघरे से बाहर रहने, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कुछ रक्षा अधिकारियों के खुलासे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे और चीन के विषय पर कम से कम दो दिनों की चर्चा होनी चाहिए तथा इस मांग को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। रमेश ने 'कहा कि विपक्ष यह मांग भी करेगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में आकर इन विषयों पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि संसद में गतिरोध टालना और कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी विपक्ष की नहीं, सरकार की है। सत्र 21 जुलाई से आरंभ हो रहा और 21 अगस्त कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं। विपक्षी दलों की यह बैठक शनिवार शाम सात बजे ऑनलाइन माध्यम से होगी। 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की बैठक लंबे समय बाद हो रही है।

■ पहलगाम, ट्रंप के दावे, चीन पर कम से कम दो दिन हो चर्चा : जयराम



### इन मुद्दों पर होगी विशेष चर्चा

विपक्षी दल इस बैठक में बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' को अचानक से 'रोके जाने', अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे और कुछ अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। विपक्ष से जुड़े सूत्रों का कहना है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ सत्तापक्ष की तरफ से महाभियोग प्रस्ताव लाए जाने की संभावना को लेकर भी चर्चा हो सकती है, कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि वह प्रस्ताव के समर्थन में और उसके सांसद हस्ताक्षर करेंगे।

### अर्थव्यवस्था को बड़े 'बूस्टर डोज' की जरूरत : कांग्रेस

कांग्रेस ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था को एक बड़े 'बूस्टर डोज' की जरूरत है, लेकिन यह तभी संभव होगा जब माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में व्यापक सुधार हो, 'टैक्स टेररिज्म' (कर आतंक) का माहौल खत्म हो और चुनिंदा कॉरपोरेट समूहों को पक्षपातपूर्ण तरीके से बढ़ावा देने की नीति छोड़ी जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि दर कमजोर बनी हुई है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच ' एक्स ' पर पोस्ट किया।

■ रक्षामंत्री राजनाथ के आवास पर हुई बैठक में शाह और जेपी नड्डा सहित कई बड़े नेता रहे मौजूद

# संसद के मानसून सत्र से पहले भाजपा नेताओं ने किया मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र से पहले शुक्रवार को भाजपा के प्रमुख नेताओं ने एक बैठक में संसद सत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सोमवार से शुरू हो रहे सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं और विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश में है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आयोजित होने वाले इस पहले सत्र में विपक्ष का रूख हमलावर रहने की बात कही जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा नेताओं ने एक रणनीतिक बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल, जेपी नड्डा, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार सत्र के दौरान न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की भी तैयारी में है।



### सोमवार से सत्र शुरू

सूत्रों ने बताया संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में तय किया गया कि विपक्ष पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार पर आक्रामक रूख अपनाता है तो सत्तापक्ष आरोपों का डटकर जवाब देगा।

■ दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे रिजिजू

### ये बिल हो सकते पेश

संसद में संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है।


## नगरपालिका सिवानी
### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सिवानी को नगरपालिका सीमा में शहर का कूड़ा-कर्कट आदि सफाई सम्बन्धित कार्य के लिए चार ट्रैक्टर ट्राली की आवश्यकता है। जो कि शहर का कूड़ा-कर्कट आदि उठाकर नगरपालिका द्वारा निश्चित स्थान पर डाला जाना है। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली, ड्राईवर, डीजल, रिपेयर आदि सम्बन्धित हर प्रकार खर्च की व अन्य किसीभी प्रकार पूर्ण रूप से पूर्ण जिम्मेदारी सोसायटी की होगी। सोसायटी के पास सफाई कार्य का अनुभव/रजिस्ट्रड हो ई.पी.एफ./ई.एस. आई. आदि रजिस्ट्रेशन नम्बर हो सरकार द्वारा संसाधनों हेतु निर्धारित सभी कागजात पूर्ण होने चाहिए व 5000 रूपये की अग्रीम राशि चैक / डी.डी. बन्द लिफाफे में सलंग्न की जाये। वर्क अलोट मैन्ट के समय नगरपालिका के साथ एग्रीमैन्ट किया जाना है। कुटेशन नगरपालिका कार्यालय में 25.07.2025 तक दोपहर 2 बजे तक जमा करवाई जानी है। ट्रैक्टर ट्राली सोमवार से शनिवार तक प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक उपलब्ध करवानी है। आवश्यकता अनुसार रविवार को उपलब्ध करवानी होगी। अन्य जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

सचिव,
नगरपालिका सिवानी।



## भारत सरकार
## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
### सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 01.04.2025 से शुरू हो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी,, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौ द्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं।

5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है।

किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफ़ारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा बशर्ते वे ऑनलाइन किए गए हों । ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.08.2025 है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) देखें।

CBC- 46101/11/0014/2526


# मोतिहारी में प्रधानमंत्री मोदी का 'लालू के परिवार पर वार'

# हम बनाएंगे समृद्ध व नया बिहार साथ ही हर युवा को देंगे रोजगार

*नीतीश की खुलकर की सराहना, राजद-कांग्रेस को दिया उलाहना*

भाषा ▶▶| मोतिहारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मोतिहारी में गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा और राजद-कांग्रेस पर आरोप लगाए। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार आगे बढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। हमारा संकल्प है समृद्ध बिहार, हर युवा को रोजगार। बिहार के नौजवानों को बिहार में ही रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें। इसके लिए केंद्र कंधे से कंधा मिलाकर सीएम नीतीश कुमार का साथ दे रही है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही हमने एक बड़ी योजना शुरू की है। प्राइवेट नौकरी में जिसे पहली बार मौका मिलेगा, उसे 15 हजार रुपए केंद्र सरकार देगी। ये योजना अगस्त से ही लागू होने जा रही है। इसका फायदा बिहार के नौजवानों को भी होगा। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने पिछड़े जिले की जगह आकांक्षी जिला बनाकर विकास किया। अब वे देश का पहला गांव कहलाते हैं। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की।



### पटना-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

*पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बापूधाम मोतिहारी से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया। उन्होंने राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर विशेष ट्रेन में सवार छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह ट्रेन अब पटना, भोजपुर, बक्सर समेत बिहार के कई जिलों के लोगों को आधुनिक और सुलभ रेल यात्रा का अनुभव देगी।*

### प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की रैली में टीएमसी पर साधा निशाना

# घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई होगी: मोदी

*दुर्गापुर। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में कहा कि बंगाल में टीएमसी ने अपने स्वार्थ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दिया। इसके लिए इकोसिस्टम बनाया जा रहा है। ये राज्य-देश और बांग्ला संस्कृति के लिए खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी ने घुसपैठियों के पक्ष में नई मुहिम शुरू की। मैं साफ कहता हूं- जो भारत का नागरिक नहीं है और घुसपैठ करके आया है, उसपर संविधान के तहत कार्रवाई होकर रहेगी। बंगाल के खिलाफ साजिश को भाजपा कामयाब नहीं होने देगी, ये मोदी की गारंटी है। मोदी ने दुर्गापुर में 5000 करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें ऑयल, गैस, बिजली, सड़क और रेल से जुड़ी कई अन्य विकास परियोजनाएं शामिल हैं। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 2025 में मोदी की यह दूसरी पश्चिम बंगाल यात्रा है।*



पीएम ने 5000 करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में प्रधानमंत्री मोदी के काफिले को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी

### ममता के आरोप पर बोले सरमा

# असमिया, हिंदू और बंगाली सीएम बनर्जी को छोड़ेंगे नहीं

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। सरमा ने कहा कि ममता को केवल बंगाली भाषी मुसलमानों की चिंता है। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वह मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे। गुरुवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने भाजपा पर राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भाषाई पहचान को हथियार बनाने का आरोप लगाया था। ममता के इन्हीं आरोपों पर सरमा ने पलटवार किया है। सरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि सवाल यह है कि क्या ममता बंगालियों को पसंद करती हैं या केवल मुस्लिम-बंगालियों को। मेरा जवाब केवल मुस्लिम-बंगाली है। उन्होंने कहा कि यदि वे मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया लोग और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे।



## भारत में रूसी महिला बच्चे के साथ लापता, पति को जासूसी का शक: दिल्ली पुलिस का दावा

**नई दिल्ली (भाषा) ।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि बच्चे की अभिरक्षा को लेकर परित्यक्त भारतीय पति के साथ कानूनी विवाद में उलझी रूसी महिला ने अब तक देश नहीं छोड़ा है, कम से कम कानूनी तौर पर तो नहीं।

भारतीय पिता अलग हुई रूसी महिला से बच्चे की अभिरक्षा हासिल करने की लड़ाई लड़ रहा है और उसने आरोप लगाया है कि वह (रूसी महिला) नाबालिग की अभिरक्षा के अदालती आदेश का पालन नहीं कर रही है। उस व्यक्ति ने दावा किया कि महिला और उसके बच्चे का अता-पता नहीं है।



■ सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को लुकआउट नोटिस जारी करने का आदेश


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 222 दिनांक 15.07.2025 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- सानिया।
पिता का नाम - महबुब ।
पता- वासी गांव हसनपुर थाना मुरथल जिला सोनीपत ।
उम्र लगभग 16 वर्ष ।
कद 5 फुट 5 ईन्च ।
हुलियाः - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, पतला शरीर।
पहनावा - काले रंग का टी-शर्ट व पजामा पहने हुए है व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.07.2025 को सानिया पुत्री महबुब वासी गांव हसनपुर थाना मुरथल जिला सोनीपत। जो कि अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। जो अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410540
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-8929010009
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3650/2026/36747/88/6 दि. 18.07.25



## OFFICE OF THE MARKET COMMITTEE, ROHTAK, NGM/NVM/NFM ROHTAK.
### NOTICE INVITING TENDERS

The Market Committee, Rohtak invite online tender for the following works from the Contractors/Societies.

| Sr. No. | Work Description | Earnest Money (in Rs.) | Tender Documents fee (in Rs.) | E-service fee (in Rs.) | Beginning/ Closing Date for online bid | Tender Opening Date | Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Daily cleaning/sweeping within the NGM/NVM/NFM, Rohtak i/c Kisan Bazar, Retail Market, Canteen, Residential Colony at Old Chara Mandi Campus and NGM/NVM Kalanaur, Purchase Center Kiloi, Madina, Sanghi, Lakhan Majra&Kharak Kalan. All the Toilets, Urinals, Drinking Water Piao,Cleaning Sewerage line, Office Premises are to be cleaned daily. Collection, Segregation&Dumping of waste / garbage/mud and dust daily outside the mandi area and at place specified by Municipal Corporation Rohtak by his own Tractor Trolly/Dumper at his own cost. | 2,00,000/- (Relaxation will be provided as per HSAMB Memo No. H&C-A-I-2023/ 20926-28 Dated 19.04.2023) | 2000/- | 1180/- | 15.07.2025 05:00 PM to 29.07.2025 11:00 AM | 29.07.2025 02:00 PM | 01.08.2025 to 31.07.2026 |

Note:- For details please visit our website: http://e-tenders.hry.nic.in

1. The payment for Tender Document Fee and e-Service Fee shall be made by eligible bidders online directly through Internet Banking Accounts and the payment for EMD can be made online directly through RTGS/NEFT. Please refer to 'Online Payment Guideline' available at the Single e-Procurement portal of Govt. of Haryana and also mentioned under the Tender Document.
2. The interested bidders must remit the funds at least T +1 working day(Transaction day +one working day) in advance i.e. on or before(Mention Date & Time); **and make payment via RTGS/NEFT to the beneficiary account number specified under the online generated challan. The intended bidder/Agency thereafter will be able to successfully verify their payment online and submit their bids on or before the expiry date & time of the respective events/Tenders at** http://e-tenders.hry.nic.in
3. Only online Technical Bids will be accepted, offline Technical Bids will not be accepted.

Secretary-cum-E.O.
Market Committee, Rohtak


## सांगली का 'इस्लामपुर' अब होगा 'ईश्वरपुर'

**सांगली।** महाराष्ट्र सरकार ने घोषणा की कि सांगली जिले के इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान की ओर से सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया।



## बंगाल: भाजपा विधायक पर हमला, गाड़ी में तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एक भाजपा विधायक को भीड़ ने निशाना बनाया। हमला करने वाले कथित तौर पर सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े हुए थे। इसकी शिकायत दर्ज कराई है। इस हमले में विधायक के एक सुरक्षा गार्ड और निजी सहायक को भी चोटें आई हैं। घटना घोकसाडांगा रेलवे स्टेशन पर तब जब वे कोलकाता जाने के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे।



## उच्चतम न्यायालय ने 'ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर प्रतिबंध संबंधी जनहित याचिका अपने पास स्थानांतरित कीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुको ने अवैध सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों को कथित रूप से बढ़ावा देने वाले 'ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर प्रतिबंध लगाने संबंधी चार जनहित याचिकाओं को विभिन्न उच्च न्यायालयों से अपने पास स्थानांतरित कर लिया। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने 'प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड' की एक स्थानांतरण याचिका पर यह आदेश पारित किया। यह कंपनी एक ऐसे ही 'ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' का संचालन करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मुंबई उच्च न्यायालय में दो जनहित याचिकाएं लंबित हैं, जबकि तीसरी जनहित याचिका गुजरात उच्च न्यायालय में और चौथी याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में लंबित है।

## महिलाओं को रूढिवादी रीति-रिवाजों और परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए: भागवत

पुणे (भाषा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है और उन्हें (महिलाओं को) रूढिवादी रीति-रिवाजों एवं परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के सोलापुर में गैर-लाभकारी संगठन उद्योगवर्धनी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, ₹एक पुरुष अपनी मृत्यु तक काम करता है। एक महिला भी अंत तक काम करती है, लेकिन उससे भी आगे वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है। एक महिला के प्यार और स्नेह के तले बच्चे बढ़ते और परिपक्व होते हैं।₹ आरएसएस प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद महत्वपूर्ण है।

पुणे में महिला सशक्तिकरण पर बोले संघ प्रमुख

# ईडी ने धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के कांप्लेक्स से दस्तावेज एकत्र किए

भाषा ▶▶| बलरामपुर (उप्र)

बड़े पैमाने पर धर्मांतरण करने और विदेशों से हवाला के जरिए धन प्राप्त करने के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसके सहयोगियों के प्रतिष्ठानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद छांगुर के काले कारनामों की परतें खुलने लगी हैं। बलरामपुर के उतरौला में बृहस्पतिवार देर शाम तक चली ईडी की छापेमारी में यहां स्थित ताजुद्दीन कांप्लेक्स के रहस्य से पर्दा उठ गया। करोड़ों के निवेश से बने इस कांप्लेक्स की जमीन छांगुर ने नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर करीब छह वर्ष पूर्व खरीदी थी। सूत्रों ने बताया कि 1500 वर्ग फुट के भूभाग में बने इस कांप्लेक्स को मलिक नाम के व्यक्ति ने छांगुर के हाथों बेचा था जिसमें नीतू उर्फ नसरीन ने अशवी नाम से बुटीक खोल रखा था। ईडी की छापेमारी 12 घंटे से ज्यादा चली।

■ ईडी की 12 घंटे से ज्यादा चली छापेमारी



### छांगुर और सहयोगियों को विदेश से 60 करोड़ की धनराशि मिली: ईडी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसे पता चला है कि उत्तर प्रदेश में कथित अवैध धर्मांतरण गिरोह से जुड़े धन शोधन के एक मामले में जांच के घेरे में आए छांगुर बाबा को 22 बैंक खातों में 60 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई थी।

# वाड्रा के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और राजनीति से प्रेरित कार्रवाई: राहुल

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे से जुड़े धन शोधन के मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने को शुक्रवार को दुर्भावनापूर्ण एवं राजनीति से प्रेरित कार्रवाई करार दिया और कहा कि वह अपने बहनोई और उनके परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आखिरकार सत्य की जीत होगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मेरे बहनोई को पिछले 10 वर्षों से इस सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। यह नवीनतम आरोपपत्र उसी की अगली कड़ी है। मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं क्योंकि वे दुर्भावनापूर्ण, राजनीति से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न के एक और हमले का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, मैं जानता हूं कि वे सभी किसी भी तरह के उत्पीड़न का सामना करने का साहस रखते हैं और वे सम्मान के साथ ऐसा करना जारी रखेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि आखिरकार सत्य की विजय होगी।

■ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले-उनके साथ खड़ा हूं



राहुल गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एंटनी से तिरुवनंतपुरम में उनके आवास पर मुलाकात की।

### राहुल के विवादित बयान केस में अगली सुनवाई 25 अगस्त को

संभल (उप्र)। संभल की अदालत ने विवादित बयान मामले में राहुल गांधी के खिलाफ अगली सुनवाई की तारीख 25 अगस्त तय की है। संभल जिले में चंदौसी स्थित अपर जिला सत्र न्यायाधीश (एडीजे-द्वितीय) आरती फौजदार ने बार एसोसिएशन के चुनाव के नामांकन के चलते अदालत में कार्य न होने से मामले की सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तारीख तय की।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 13, एमसीआर में तिलक नगर में एस.एस. ढाका (म. नं. 732, तिलक नगर) से वाया धर्मपाल नांदल वाया फौजी चौक से बी.एस. दहिया (593-ए) और फौजी की दुकान के साथ लगती गली से खत्री हाउस (701/29) तक सी.सी. गली का निर्माण + 5 कार्य। | 16.07.2025 23.07.2025 | रु. 2,17,24,281/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में जगबीर कुरयाना स्टोर से शीले पंडित के मकान तक, अशोक पुत्र रामहर, रेशी के मकान वाली गली, होशियार के मकान वाली गली, मनजीत पुत्र होशियार सिंह के मकान प्रीत सिंह की तरफ से चमारों वाली चौपाल, प्रवीन से जस्सु, मीरा सांडा के मकान से काला तक, धर्मबीर के मकान से दयानंद तक, बलवंत के मकान से प्यारे तक, रमेश के मकान से बिल्लू तक, हरीश के मकान सामने वाली गली और सुभे के मकान से विजय पुत्र भूप वाली गली और फरान पाना गांव बलियाना में ब्रांच गली में आईपीबी टाइल गली का प्रावधान व पुनः बिछाना + 1 कार्य। | 17.07.2025 24.07.2025 | रु. 67,38,142/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक, वार्ड नं. 9 के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-3 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 2 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | रु. 3,95,99,644/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/36726/I/88/6 दि. 18.07.25

## चिंतन

# टीआरएफ के आतंकी संगठन घोषित होने से पाक बेनकाब

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी में अमेरिकी नीतियों में अस्थिरता और पाकिस्तान के प्रति झुकाव के बावजूद अमेरिका का पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना न केवल भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों के हाथ की पुष्टि भी है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) है। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, हालांकि बाद में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट के कहने पर टीआरएफ अपने दावे से पीछे हट गया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश नीति व कूटनीतिक परिपाटी का उल्लंघन करते हुए ट्रंप ने भारत व पाक के बीच युद्ध विराम पर सहमति का पहले ऐलान कर नई दिल्ली को असहज कर दिया था। इस दौरान ऐसी स्थिति बनी कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा। पाक के सेना प्रमुख ने पीओके में भारत व हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया, उसके कुछेक दिनों बाद ही पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें धर्म पूछ कर निहत्थे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों का स्पष्ट हाथ था, जिसके खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पाक सरकार के प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकाने और आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादी गुटों के अड्डों पर टार्गेटेड हमले किए। लेकिन पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। यह सब जानते हुए भी ट्रंप ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में दावत पर बुलाया और स्पेशल ट्रीटमेंट दी। हालांकि अमेरिका की यह कूटनीतिक कवायद पाकिस्तान को साधने की थी कि जब वो ईरान पर हमला करे, तो पाकिस्तान ईरान का साथ न दे। लेकिन इसकी टाइमिंग ने ट्रंप को आतंकवाद के पालक-पोसक और पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान के साथ खड़ा कर दिया। अब अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद रोधी अमेरिकी प्रतिबद्धता की सराहना की है, लेकिन अमेरिका की अस्थिर नीतियों के चलते अभी भारत को पैनी नजर वाशिंगटन पर रखनी चाहिए कि उसकी प्राथमिकताओं में आतंकवाद को खाद-पानी देने वाला पाकिस्तान कहां है। कहीं टैरिफ वार्ता से पहले अमेरिका का फैसला भारत को संतुष्ट करने के लिए तो नहीं है? भारत ने कई वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय वार्ता में पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किए जाने की वकालत की है। अब देखना है कि अगर अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इतना ही प्रतिबद्ध है तो क्या वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करेगा? इस दिशा में वह कोई कदम उठाता है या नहीं। पहलगाम हमला 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# छांगुर का इस्लामीकरण जाल

छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों -महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है।

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है, वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं। इसमें हिंदुओं को फंसाने, बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है। उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों -महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश-विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों, किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है।

प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बीघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसा कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मानना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी हैं। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी, जहां हिंदू युवतियों-महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए



भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है? हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव- दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर, विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई, तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना ली। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर के सहयोगी ने भागकर पुलिस में शिकायत की, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जिहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता।

प्रायः संगठनों, राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं। अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, एक्टिविस्टों, मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर सामान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों-महिलाओं की इज्जत, गरिमा, उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

उपलब्धि
हर्षवर्धन पान्डे




# मप्र के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में देश में शीर्ष स्थान पर रहकर यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो देश का कोई भी इलाका कचरे के ढेर से निकलकर स्वच्छता की मिसाल बन सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रयास करके मानव खोल सकता है सफलता के द्वार



संकलित
**दर्शन**

मानव के विषय में धर्म शास्त्रों के स्वर बहुत उच्च कोटि के हैं। मानव को विश्व का श्रेष्ठ तम प्राणी तो स्वीकार किया ही है, मानव को अपार क्षमता का भंडार बताया गया है। यह सत्य है क्यों कि हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति निश्चित ही अद्भुत क्षमता, प्रतिभा लिए होते हैं। इसका अर्थ है सभी मानवों में वे योग्यताएं रही हुई है। अन्तर केवल इस बात का है कि कुछ व्यक्ति प्रयास करके अपनी क्षमताओं का जागरण कर लेते हैं कुछ यह नहीं कर पाते। जो यह प्रयास नहीं कर पाते, वे समझने लगते हैं कि उसको परमात्मा की देन है हम उससे वंचित है किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परमात्मा किसी को कुछ देता नहीं है और यदि वह देगा तो सभी को बराबर देगा। भेद भाव क्यों करेगा। उच्च पुरुष भी भेद भाव नहीं करते तो परमात्मा भेद भाव कैसे करेगा ? वास्तव में परमात्मा कुछ देता नहीं है किसी को। जिसको सफलताएं मिलती है उसे उसके प्रयास से मिलती है और जो जीवन में कुछ भी नहीं कर पाता है तो यह उसकी ही अकर्मण्यता है। परमात्मा को दोष नहीं देना चाहिए। कालीदास बचपन में निरक्षर थे किन्तु प्रयास कर के महान विद्वान बन गए। सफलता प्राप्त व्यक्तियों का सर्वदा एक ही मार्ग रहा है प्रयास। प्रयत्न करते हुए व्यक्ति को कोई परास्त नहीं कर सकता। मानव की चेतना का मौलिक स्वरुप परमात्मा मय है अतः आत्म विश्वास पूर्वक सही दिशा में प्रयत्न करें तो वह अपने जीवन की सफलता के सारे द्वार खोल सकता है। उसका प्रयत्न ही वह चाबी है जिसका उसे प्रयोग करना है। **-कांतिलाल मांडोत,** सूरत

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों की शपथ में हो समीचीन बदलाव

भारतीय संविधान में व्यवस्था है कि हर मंत्री, विधायक, सांसद और राष्ट्रपति तक, सभी जन-प्रतिनिधि शपथ उठाते हैं कि वे पद की गरिमा एवं गोपनीयता का निर्वहन करेंगे और संविधान तथा देश की जनता के प्रति उत्तरदायी रहेंगे। जवाबदेह रहना भी चाहिए। यह एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। सब बेहतरी के लिए ही है। इस शपथ में और कुछ शब्द जोड़े जा सकते हैं, कि बड़बोलेपन, भाई-भतीजावाद, घोटालों और क्षेत्रवाद से दूर रहूंगा और पक्षपात से हमेशा तौबा करूंगा। यह भी शपथ में शामिल हो कि, यदि जनाकांक्षाओं पर खरा न उतरूं, तो पद त्याग दूंगा, क्योंकि निर्वाचन के बाद नेताओं का व्यवहार बदल जाता है। - **सचिन देशपांडे**, दुर्ग

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में चेम्मानी सामूहिक कब्रगाह से बच्ची के अवशेष मिले



श्रीलंका के जाफना जिले में एक सामूहिक कब्रगाह से निकाले गए मानव अवशेषों में चार-पांच साल की एक लड़की के कंकाल की पहचान की गई है। 1990 के दशक के मध्य में लिट्टे संघर्ष के दौरान पहली बार यह कब्र चर्चा में आई थी। वकील जगनाथन तथपरन ने कहा, "फोरेंसिक पुरातत्वविद् राज सोमदेव ने चेम्मानी में स्थित सामूहिक कब्र की खुदाई के निष्कर्षों की रिपोर्ट 15 जुलाई को जाफना मजिस्ट्रेट की अदालत को दी थी।" राज सोमदेव इस खुदाई की देखरेख कर रहे थे।इस वर्ष के आरंभ में, न्यायालय ने सामूहिक कब्र स्थल पर नियमित विकास कार्य के दौरान मानव कंकाल के अवशेष मिलने के बाद कानूनी निगरानी में खुदाई का आदेश दिया था। तथपरन ने बताया कि बच्ची के अवशेष के साथ स्कूल बैग और खिलौने मिले हैं। सोमदेव ने अदालत को बताया कि वह 4-5 साल की उम्र की एक लड़की थी। वकील ने बताया कि कपड़ों और शारीरिक विशेषताओं में समानता के आधार पर दो और कंकाल भी बच्चों के होने का संदेह है। चेम्मानी स्थल ने पहली बार 1998 में सभी का ध्यान आकर्षित किया था, जब एक श्रीलंकाई सैनिक ने वहां सामूहिक कब्रों के अस्तित्व के बारे में गवाही दी थी। वहां 1990 के दशक के मध्य में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) और श्रीलंका सरकार के बीच संघर्ष के दौरान कथित तौर पर मारे गए सैकड़ों नागरिकों की कब्रें थीं।

## ऑफ बीट

### 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा



2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर कार्रवाई



अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और कछार व श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है। हम अवैध घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### 125 यूनिट बिजली मुफ्त



हम शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

### इस्लाम-कुरान पर चुप्पी



कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है लेकिन जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है तो वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### मनुवादी व्यवस्था



हरियाणा के सिरसा में दलित युवक की हत्या और उसके परिवार के साथ बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है - यह भाजपा-आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आईपीएल बनी 'सोने की मुर्गी', बीसीसीआई की 2023-24 में छप्परफाड़ कमाई! सिर्फ ब्याज से मिले 987 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने साल 2023-24 के लिए अपनी कमाई का खुलासा किया है। बोर्ड को सबसे ज्यादा कमाई इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण अधिकार से हुई है। आईपीएल बीसीसीआई के लिए सोने की मुर्गी बन गई है। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का खजाना लगातार बढ़ रहा है। इसका श्रेय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग मानी जाने वाली आईपीएल की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जा रहा है।




### बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ का रिजर्व

इसके अलावा बोर्ड ने पिछले फाइनेंशियल ईयर में सिर्फ ब्याज से 987 करोड़ रुपए कमाए थे। इस दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल डिस्ट्रीब्यूशन से उन्हें 1,042 करोड़ रुपए मिले हैं। ये नहीं बीसीसीआई को आईपीएल के अलावा रेवेन्यू बढ़ाने के लिए रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी या सीके नायडू ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट के आयोजन से भी काफी मदद मिलती है। इन भी घरेलू टूर्नामेंट से भी बोर्ड को काफी फायदा होता है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि बोर्ड के पास लगभग 30 हजार करोड़ का रिजर्व है।

### कमाई में आईपीएल का 59 प्रतिशत योगदान

*एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की हुई कमाई में अकेले आईपीएल ने 59 प्रतिशत का योगदान दिया है। बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया को 2023-24 में इंडियन प्रीमियर लीग से कुल 5.761 करोड़ रुपए की कमाई हुई। बीसीसीआई ने साल 2023 से 2027 के लिए आईपीएल के प्रसारण अधिकार कुल 48,390 करोड़ रुपये में बेचे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने वित्त वर्ष 23-24 में 9,741.7 करोड़ रुपए का रेवेन्यू अर्जित किया, जिसमें आईपीएल का योगदान 5,761 करोड़ रुपए है। आईपीएल के बिना मीडिया राइट्स से भी बीसीसीआई को अच्छी कमाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल टूर्नामेंटों के प्रसारण अधिकारों सहित नॉन-आईपीएल मीडिया अधिकारों की बिक्री से 361 करोड़ रुपए की कमाई हुई।*



### महिला प्रीमियर लीग से 378 करोड़ की कमाई

वहीं बीसीसीआई ने आईपीएल की सफलता के बाद महिला प्रीमियर लीग की भी शुरुआत की थी। इसके 2023-24 सीजन से उन्होंने 378 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा भारतीय टीम जब दूसरे देशों में क्रिकेट खेलने जाती हैं तो भी उनकी कमाई होती है। पुरुष क्रिकेट टीम के दौरे से बोर्ड ने 361 करोड़ रुपए की कमाई की है यहीं नहीं बाकी चीजों से भी बीसीसीआई ने 2023-24 में 400 करोड़ रुपए की कमाई की। इसमें एडवरटाइजमेंट और बाकी चीजें शामिल हैं। कमाई के मामले में बाकी देशों के बोर्ड बीसीसीआई से काफी पीछे हैं।

## खबर संक्षेप




### ईस्ट बंगाल के लिए खेलेंगे ब्राजील के मिगुएल

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे, जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा। इसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे, जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे।

### अंडर-31 ब्रिज टीम ने जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने 19वीं विश्व युवा टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जबकि अंडर-16 टीम चौथे स्थान पर रही। इटली के साल्सोमगिओरे में आयोजित टूर्नामेंट का अंतिम दिन यह दोनों भारतीय टीमें पोडियम स्थान (शीर्ष तीन) हासिल करने की दौड़ में थीं। अंडर-16 टीम दो करीबी सेटों के बाद सेमीफाइनल प्लेऑफ में फ्रांस से हार गई। यह टीम हालांकि इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। अंडर-31 टीम ने 'बोर्ड ए मैच' स्पर्धा में 24 प्रतिस्पर्धी टीमों में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। अंडर-16 टीम में प्रखर बंसल, विहा गहरोत्रा, अनन्या मेहता, जशित नारंग, अधियमान जोडिपाचे और अगिलन जोडिपाचे शामिल थे।

### विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे आडवाणी

**मनामा (बहरीन)।** तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी शनिवार से यहां शुरू हो रही विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। पिछले महीने कोलंबो में एशियाई टीम स्नूकर चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व करने के बाद आडवाणी विश्व चैंपियनशिप में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। आडवाणी को बृजेश दमानी और आदित्य मेहता के साथ वाइल्डकार्ड मिला। टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर आडवाणी ने कहा, ''मैं अभी अपने खेल को लेकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। ''

### शिलांग लाजोंग के मुख्य कोच बने बीरेंद्र थापा

**शिलांग।** मेघालय की शिलांग लाजोंग एफसी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले पूर्व खिलाड़ी और लंबे समय से क्लब से जुड़े बीरेंद्र थापा को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोच बीरू के नाम से लोकप्रिय थापा पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल से जुड़े हुए हैं।

## लॉर्ड्स में दूसरा वन डे आज, दोपहर 3:30 बजे होगा शुरू

# भारतीय महिला टीम की निगाह इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीतने पर

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

कई मैच विजेता खिलाड़ियों से सजी भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाने के साथ ही आगामी विश्व कप के लिए अपनी पुख्ता तैयारी को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी।

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था और लॉर्ड्स में जीत से वह तीन मैचों की इस श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे हाल के दिनों में इस प्रारूप में उसकी जीत का सिलसिला भी जारी रहेगा, जिसमें मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में मिली जीत भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसकी मेजबानी भारत इस वर्ष के अंत में करेगा। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जो मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए अच्छा सिरदर्द है।




### दीप्ति ने पहले वन डे मारा था एक हाथ से छक्का

स्पिन विभाग भी काफी मजबूत है, जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी के अलावा अनुभवी दीप्ति, स्नेहा राणा और राधा यादव भी शामिल हैं। पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक जमा कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति ने अपनी इस पारी के दौरान ऋषभ पंत की तरह एक हाथ से छक्का लगाया था। शनिवार को होने वाले मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया था और अब वनडे श्रृंखला जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तेज गेंदबाज रेणुका और पूजा चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर

टीम में कुछ ऐसे स्थान हैं, जिनमें टीम प्रबंधन के पास कई विकल्प हैं। टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पहले कभी इतनी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में टीम ने पहले मैच में थोड़ी अधिक अनुभवी अरुंधति रेड्डी की जगह क्रांति गौड़ को तरजीह दी और इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दो विकेट लेकर अपना प्रभाव छोड़ा। प्रतीका रावल शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की जोड़ीदार के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरी हैं, जबकि शैफाली वर्मा भी टी20 अंतरराष्ट्रीय, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और घरेलू क्रिकेट में अपने फॉर्म के कारण दावेदार बनी हुई हैं। हरलीन देओल भी अच्छी फॉर्म में हैं और अगर शैफाली निकट भविष्य में अंतिम एकादश में वापसी करती हैं तो रावल को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देओल को टीम में शामिल करना मुश्किल होगा, जिसके बल्लेबाजी विभाग में हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष भी शामिल हैं।

खेली थी 61 रनों की नाबाद पारी

## लॉर्ड्स टेस्ट में जडेजा की जुझारू पारी मिला सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का तमगा



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया, जिसके लिए उन्हें टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस शानदार पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें गंभीर ने जडेजा की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने 'द एमवीपी फीट रवींद्र जडेजा' शीर्षक वाले वीडियो में कहा, ' यह अविश्वसनीय जुझारूपन था। जडेजा की जुझारू पारी वास्तव में शानदार थी।' भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और उसके शीर्ष आठ बल्लेबाज 40 ओवर से भी कम समय तक टिक सके। लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जडेजा ने दृढ़ता से काम किया और पुछल्ले बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर साहस और धैर्य का शानदार परिचय दिया। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए पांच रन और सिराज ने 30 गेंदों पर चार रन बनाए। भारत 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया और इस तरह से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया।

### जडेजा में दबाव झेलने की क्षमता

वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, 'जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने, जो धैर्य दिखाया वह वास्तव में काबिले तारीफ है। मैं उन्हें वर्षों से खेलते हुए देख रहा हूं। मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को कैसे निखारा है। उनका डिफेंस बहुत मजबूत है और वे एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं।' भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। वह आमतौर पर कुछ ऐसा करते हैं, जिसकी टीम को किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जरूरत होती है। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।' तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'उनके जैसा खिलाड़ी मिलना बहुत मुश्किल है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारी टीम में ऐसा खिलाड़ी है।'

## बटलर ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 13 हजार रन, बने वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड में खेली जा रही उनके घरेलू टी20 टूर्नामेंट टी20 ब्लास्ट में जोस बटलर ने यॉर्कशायर टीम के खिलाफ हुए गुरुवार को हुए मैच में एक बड़ी उपलब्धि अपने करियर में हासिल की। बटलर, जो लंकाशायर की टीम से खेलते हैं उनके बल्ले से इस मुकाबले में 77 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली, जिसके दम पर वह इंग्लैंड की तरफ से टी20 क्रिकेट में 13 हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने वाले वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी बन गए हैं।




### बटलर का टी20 कॅरियर

जोस बटलर का टी20 करियर देखा जाए तो वह वर्ल्ड क्रिकेट की अधिकतर टी20 लीग में खेलते हुए दिखते हैं, जिसमें उन्होंने अब तक कुल 457 मैचों में 35.74 के औसत से कुल 13046 रन बनाए हैं। वहीं बटलर के बल्ले से टी20 में 8 शतकीय तो 93 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली हैं। जोस बटलर का टी20 क्रिकेट में स्ट्राइक रेट 145.97 का है।

### टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | - 14562 रन |
| कायरन पोलार्ड | - 13854 रन |
| एलेक्स हेल्स | - 13814 रन |
| शोएब मलिक | - 13571 रन |
| विराट कोहली | - 13543 रन |
| डेविड वॉर्नर | - 13395 रन |
| **जोस बटलर** | **- 13046 रन** |

## यूरो 2025: इंग्लैंड सेमीफाइनल में...



**ज्यूरिख।** इंग्लैंड ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में स्वीडन को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को इटली से होगा।

### आईसीसी ने प्रतीका पर लगाया जुर्माना

*दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतीका रावल और इंग्लैंड की टीम पर शुक्रवार को साउथम्पटन में खेले गए तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं में लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। रावल को 18वें ओवर के दौरान इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर और उसके अगले ओवर में सोफी एक्लेस्टोन के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क बनाने का दोषी पाया गया।*

## फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज : प्रज्ञानानंदा खिताब की दौड़ से बाहर

# अर्जुन का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| लास वेगास

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर यहां 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन आर. प्रज्ञानानंदा अमेरिका के फैबियानो कारूआना से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत हासिल की, लेकिन प्रज्ञानानंदा एक कड़े मुकाबले में कारूआना से 3-4 से हार गए।

क्वार्टरफाइनल चरण में लेवोन अरोनियन और हंस मोके नीमन की अमेरिकी जोड़ी भी जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने क्रमशः अमेरिका के हिकारू नाकामुरा



और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव को हराया। जहां अरोनियन ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत हासिल की, वहीं निमन को सिंडारोव को 4-2 से हराने में अधिक समय लगा। सेमीफाइनल में अर्जुन का मुकाबला अरोनियन से जबकि नीमन का कारूआना से होगा।

### कार्लसन ने विदित को हराया

निचले वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी जीत की लय वापस पा ली। उन्होंने भारत के विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। निचले वर्ग के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के वेस्ली सो ने हमवतन सैमुअल सेवियन को जबकि लीनियर डोमिनगेज पेरेज ने कजाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा को 1.5-0.5 के समान अंतर से हराया। पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अमेरिका के ही रॉबसन रे को 2.5-1.5 के अंतर से पराजित किया।

### एरिगैसी ने शुरुआत से ही बनाई बढ़त

अर्जुन ने दोनों ही बाजी में शानदार प्रदर्शन किया और शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली और फिर अब्दुसत्तोरोव को आसानी से मात दी। इससे पहले पहली बाजी में भी अर्जुन ने बढ़त हासिल की थी, लेकिन बाद में कुछ गलतियों के कारण उज्बेक खिलाड़ी को आधा अंक मिल गया।

### प्रज्ञानानंदा नहीं रख पाए लय बरकरार

प्रज्ञानानंदा और कारूआना के बीच कुल सात निर्णायक बाजियां खेली गई। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने तीन बार बढ़त बनाई। प्रज्ञानानंदा ने पहली बाजी जीती लेकिन दूसरी बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। छठी बाजी तक यह सिलसिला बना रहा। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने सातवीं बाजी जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। प्रज्ञानानंदा इस हार से सात अन्य खिलाड़ियों के साथ निचले ब्रैकेट में खिसक गए हैं।

## ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



एजेंसी ▶▶| लंदन

ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया।

महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी की ओर से भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गई है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं।' अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर

**नारायणपुर(भाषा)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया । जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी कीजानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर भेजा गया था। अभियान के दौरान आज दोपहर से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है।

# भारत और रूस बनाएंगे ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल, इसकी सीमा में अब पाक और चीन


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- एडवांस कंट्रोल सिस्टम स्टेल्थ फीचर्स से होगी लैस
- 11 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वार करेगी

**ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर काम शुरू हो चुका है। दोनों ही देश इस प्रोजेक्ट में जुट गए हैं। यह मिसाइल ध्वनि की गति से 8 गुना तेजी चलेगी। इसकी गति मैक-8 या मैक-9 तक हो सकती है।**

भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल का दुनिया लोहा मानती है। कुछ गिने-चुने एयर डिफेंस सिस्टम ही इसे रोकने में सक्षम हैं। वहीं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस मिसाइल ने दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी। अब जल्द ही ब्रह्मोस को हाइपरसोनिक वेरिएंट भी आने वाला है। चीन से लेकर अमेरिका तक के एयर डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल के आगे पानी भरेंगे। जानकारी के मुताबिक भारत और रूस जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुके हैं।

### 1500 किमी से अधिक की की मारक क्षमता




इसकी मारक क्षमता 1500 किलोमीटर से अधिक होगी। ऐसे में कहा जा सकता है कि पाकिस्तान और चीन का बड़ा इलाका इसकी सीमा में होगा। इजराइल का आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम को काफी एडवांस माना जाता है, इसके लिए भी ब्रह्मोस हाइपरसोनिक मिसाइल को रोकना मुश्किल होगा।

## भारत ने किया यूएनएससी में तत्काल समयबद्ध सुधारों का आह्वान

यूएन में अनौपचारिक वार्ता को संबोधित करते हुए बोले भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने शुक्रवार को एक बार फिर से मजबूती के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल और समयबद्ध सुधारों का आह्वान किया है। यह जानकारी यूएन में आयोजित की गई एक अनौपचारिक वार्ता को संबोधित करते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पी. हरीश ने दी। उन्होंने कहा कि भारत का यह तर्क 'भविष्य के लिए समझौता' के तहत वैश्विक सहयोग को मजबूत बनाने से जुड़ा हुआ है। मूलरूप से यह एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है। जिसे पिछले वर्ष 2024 में भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान स्वीकार किया गया था। समझौते का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाना और वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों का समाधान करना है। भारत के राजदूत ने वैश्विक संस्थाओं जैसे विश्व बैंक, आईएमएफ, डब्ल्यूटीओ और जी-20 से जुड़ी प्रक्रियाओं के साथ सामंजस्य पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा कि हमें परिषद के विस्तार के साथ ही वैश्विक वित्तीय ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना होगा। जहां पर्याप्त रूप से ध्यान नहीं दिया गया है। यूएनएससी में ज्यादातर देश यानी बहुमत इसे लेकर राजी है कि इस वैश्विक निकाय को वर्तमान की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के साथ ही परिषद की विश्वसनीयता को भी बढ़ाने की आवश्यकता है।

## भारत और कोरिया ने संसदीय सहयोग और लोकतांत्रिक आदान-प्रदान को गहराने की प्रतिबद्धता दोहराई

- लोकसभा अध्यक्ष ने कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री से मुलाकात में भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया



**नई दिल्ली ( हरिभूमि ब्यूरो)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन में कोरिया गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री किम बू क्यूम के नेतृत्व वाले एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत की आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की अटूट नीति को दोहराया। बिरला ने जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे, की कड़ी निंदा की और कहा कि इस प्रकार की जघन्य घटनाएं अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर देती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा अपनी धरती पर मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई न करने के कारण, भारत ने अपनी संप्रभुता का प्रयोग करते हुए जवाब दिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत भारत की प्रतिक्रिया संतुलित, उकसावे से रहित और केवल आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने तथा खतरों को समाप्त करने पर केंद्रित थी। बिरला ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना पर संवेदना संदेश भेजने के लिए कोरियाई राष्ट्रीय विधानसभा के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कोरिया की जनता को हाल ही में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव के सफल आयोजन पर बधाई दी और भारतीय संसद की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## सिंधु समझौते पर गिड़गिड़ाया पाक, किसी ने नहीं दिया साथ

ओआईसी में जाकर लगाई गुहार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की तरफ से सिंधु जल समझौते को रोके जाने का दुख पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी में भी सुनाया है। पाकिस्तान 57 मुसलमान देशों की संस्था इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक में यह बात रखी लेकिन ओआईसी ने इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जेद्दा में आयोजित ओआईसी के ह्यूमन राइट्स कमिशन के 25वें सत्र में 'राइट टू वार' नाम से आयोजित सेशन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि सैयद फवाद शेर ने कहा कि हमारे अधिकारों का भारत की ओर से हनन किया जा रहा है। भारत का यह फैसला मनमाना है। भारत ने एकतरफा तौर पर यह निर्णय लिया है और इससे वर्ल्ड बैंक की ओर से तय शर्तों का भी उल्लंघन किया गया है। सैयद शेर ने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी परेशानी है। हालांकि पाकिस्तान के इस रुख के बाद भी मुस्लिम देशों के संगठन ने अब तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिसमें इस मसले का कोई जिक्र हो।

## नौसेना की प्रमुख सुरक्षा भागीदार की मजबूत भूमिका का प्रतीक 'निस्तार'



- विशाखापत्तनम में हुए एक समारोह में रक्षा राज्य मंत्री ने निस्तार को नौसेना में किया शामिल

**नई दिल्ली ( हरिभूमि ब्यूरो)।** सीमाओं पर बढ़ती चीन-पाकिस्तान की साझा युद्ध जैसी चुनौती के बीच शुक्रवार को स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ निर्मित पहला डाइविंग सपोर्ट युद्धपोत 'आईएनएस निस्तार' नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया गया। विशाखापत्तनम में एक भव्य समारोह हुआ। जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह युद्धपोत हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) द्वारा निर्मित दो में से पहला है। जिसे गहरे समुद्र में गोताखोरी और बचाव कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए देश के अंदर तैयार किया गया है। वर्तमान में यह क्षमता दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों के पास ही है। अब इस सूची में भारत का नाम भी शुमार हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। यहां बता दें कि पूर्व में इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होने वाले थे। लेकिन अंतिम समय में कार्यक्रम में बदलाव की वजह से उनका विशाखापत्तनम दौरा नहीं हो सका। समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि निस्तार युद्धपोत क्षेत्र में नौसेना की प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता और मुख्य सुरक्षा भागीदार की भूमिका को मजबूती के पुष्ट करता है। ये न केवल देश की तकनीकी संपत्ति है।

## अमेरिका भारत को तरजीही टैरिफ सुविधा में शामिल करेगा

- भारत पर कम टैरिफ लगाने के यूएस से मिल रहे संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते को लेकर भारतीय दल वाशिंगटन गया हुआ है और टैरिफ को लेकर चर्चा कर रहा है। इसमें अमेरिका भारत से डेयरी और कृषि उत्पाद पर टैरिफ कम करने के लिए कह रहा है, लेकिन देशहित को लेकर भारत अपनी शर्तों पर टिका हुआ है। वहीं भारत भी चाहता है कि अमेरिका अपने टैरिफ को 15 से 10 फीसदी या उससे कम रखे। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका भारत को तरजीही टैरिफ सुविधा दे सकता है, जिससे उसे 1 अगस्त से अन्य देशों पर लगने वाले भारी रेसिप्रोकल टैरिफ से सुरक्षा मिल सकेगी। तरजीही का मतलब वियतनाम जैसे देशों की तुलना में भारतीय वस्तुओं पर कम टैरिफ लगाना। जैसे अगर वियतनामी वस्तुओं पर 20 फीसदी टैरिफ लगेगा तो भारत पर इससे कम टैरिफ होगा। जानकारी के अनुसार अमेरिकी समझौता पूरी तरह से तरजीही व्यवहार आधारित है। विशेष सचिव और मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के लीडरशिप में भारत का व्यापार प्रतिनिधिमंडल इस समय समझौते को अंतिम रूप देने के लिए वाशिंगटन में है। गुरुवार को ट्रंप ने एक बड़ा ऐलान किया था, जिसमें कहा था कि हम भारत के साथ डील को लेकर बहुत करीब हैं। उन्होंने कहा कि डील को लेकर भारत के साथ बातचीत अच्छी चल रही है। सबकुछ ठीक चल रहा है और जल्द ही ये डील पक्की हो जाएगी। भारतीय उद्योग जगत के लोगों को उम्मीद है कि 1 अगस्त से पहले एक शुरुआती समझौता हो जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25